सुविचार
कोई भी उस व्यक्ति से प्रेम नहीं करता, जिससे वो डरता है।
अरस्तु

दैनिक
# रेवांचल टाइम्स
निष्पक्ष, निर्भीक एवं सत्य का प्रवर्तक

Revanchal Times
7509202320
@revanchal_times
revanchaljabalpur@gmail.com
revanchaltimes_

■ वर्ष 2 ■ अंक 179 ■ जबलपुर, मंगलवार 24 जून 2025 ■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य, 01 रुपये




# खामेनेई को अपनी हत्या की आशंका, 3 उत्तराधिकारी चुने

**एएनआई, नई दिल्ली। 22 जून की सुबह 4:30 बजे। अमेरिका ने ईरान के नतांज, फोर्डो और इस्फहान परमाणु ठिकानों पर B-2 बमवर्षक विमानों और टॉमहॉक मिसाइलों से भारी बमबारी की। ईरानी ऑफिसर्स का कहना है कि ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की जान को भी खतरा है। उन्होंने अपनी मौत के बाद संभावित उत्तराधिकारियों की लिस्ट भी तैयार कर ली है, इसमें उनके बेटे मोजतबा का नाम नहीं है। ईरान में सत्ता बचाने के लिए खामेनेई क्या कोशिश कर रहे, उनके बाद सुप्रीम लीडर कौन हो सकते हैं और ईरान में अंदरखाने क्या चल रहा है।**

**सवाल-1: क्या इजराइल खामेनेई की हत्या कर सकता है?**

**जवाब:** इजराइल के P M नेतन्याहू और अमेरिकी प्रेसिडेंट ट्रम्प कई बार कह चुके हैं कि खामेनेई की हत्या का ऑप्शन खुला हुआ है। 19 जून को इजराइल के बीशेर्बा शहर के सोरोका मेडिकल सेंटर पर ईरान ने मिसाइल अटैक किया था। इसके बाद इजराइली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने कहा, 'खामेनेई जैसे तानाशाह को जीने का हक नहीं है। उन्होंने हमेशा अपने एजेंटों के जरिए इजराइल को खत्म करना चाहा है।' नेतन्याहू ने भी कहा, 'ईरान में अब कोई भी सुरक्षित नहीं है। सारे ऑप्शन खुले हुए हैं। प्रेस में इस बारे में बात न करना ही बेहतर है।' इससे पहले 17 जून को ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर लिखा- 'हम जानते हैं कि कथित सुप्रीम लीडर कहां छिपा है, वह एक आसान शिकार है, लेकिन हम अभी उसे मारेंगे नहीं।' ट्रम्प ने दूसरी पोस्ट में ईरान से बिना शर्त सरेंडर करने को कहा था। इसके जवाब में खामेनेई ने एक वीडियो जारी करके कहा कि ईरान सरेंडर नहीं करेगा। उल्टा अगर अमेरिका जंग में शामिल हुआ तो इसका अंजाम बुरा होगा।

**सवाल-2: खामेनेई अभी ईरान में कहां हैं?**

**जवाब:** आम तौर पर खामेनेई ईरान की राजधानी तेहरान के एक हाई सिक्योरिटी कैंपस में रहते थे। इसे ह्यबेत-रहबरीह्व यानी सर्वोच्च लीडर का घर कहा जाता है। वे बहुत कम ही बिल्डिंग से बाहर निकलते थे। 15 जून को इजराइल ने अपनी सीमा से 2,300 किमी दूर पूर्वी ईरान के मशहद एयरपोर्ट को निशाना बनाया। इसे खामेनेई की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक अब उन्हें तेहरान शहर से 343 किमी दूर लाविजान इलाके में बने बंकर में शिफ्ट कर दिया गया है। अप्रैल और अक्टूबर 2024 में जब ईरान ने इजराइल पर एयरस्ट्राइक की थी, तब भी खामेनेई यहीं छिपे थे।

**सवाल-3: क्या खामेनेई को अपनी हत्या की आशंका है?**

**जवाब:** अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स की एक खबर के मुताबिक, इजराइल और अब अमेरिका की तरफ से बढ़ते हमले के बीच खामेनेई भी आगे का वॉर प्लान बनाने में जुटे हैं। इस प्लान को जानने वाले तीन ऑफिसर्स ने अखबार को बताया कि खामेनेई की लोकेशन पता न चले, इसलिए वह किसी भी तरीके के इलेक्ट्रॉनिक कम्युनिकेशन जैसे टेलीफोन या मैसेजिंग का इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं। उनका भरोसे का एक व्यक्ति बाकी नेताओं और ऑफिसर्स तक उनके मैसेज पहुंचाता है। खामेनेई ने ईरान की सेना की कमान संभालने के लिए ऑफिसर्स की एक पूरी चेन तैयार की है, ताकि अगर किसी ऑफिसर की मौत हो तो फौरन लिस्ट में से कोई दूसरा उसकी जगह ले सके। इसके अलावा खामेनेई ने तीन मौलवियों को भी चुना है। अगर उन्हें कुछ हो जाता है तो इनमें से कोई एक उनकी जगह लेगा। ऑफिसर्स के मुताबिक खामेनेई को पता है कि इजराइल या अमेरिका उनकी हत्या की कोशिश कर सकते हैं। इसे वह अपने लिए शहादत मानेंगे। खामेनेई ने एक्सपर्ट्स की असेंबली यानी मौलवियों की सभा को निर्देश दिया है कि जो तीन नाम उन्होंने चुने हैं, उनमें से किसी एक को जल्दी से जल्दी उनका वारिस चुना जाए। आम तौर पर खामेनेई का वारिस चुनने में कई महीने का समय लगता है, लेकिन जंग के हालात में खामेनेई चाहते हैं कि बिना किसी अव्यवस्था के जल्दी से जल्दी ये प्रक्रिया पूरी हो, ताकि उनकी विरासत बनी रह सके।

**सवाल-4: ईरान में सर्वोच्च लीडर चुने जाने की प्रक्रिया क्या है?**

**जवाब:** दुनिया में दो ही देश हैं, जहां थियोक्रेसी यानी सर्वोच्च धार्मिक नेता और संस्था का शासन है- ईरान और वेटिकन सिटी। जिस तरह वेटिकन सिटी में पोप का पद सबसे ताकतवर होता है, उसी तरह ईरान में ह्यरहबरह्व देश के सुप्रीम लीडर होते हैं। ह्यरहबरह्व फारसी भाषा का शब्द है, जिसका अर्थ होता है- मार्गदर्शक या रास्ता दिखाने वाला। ईरान की शासन व्यवस्था वेटिकन से भी जटिल है। यहां एक तरफ रहबर का सरकार पर कंट्रोल है, तो दूसरी तरफ जनता की चुनी सरकार भी है। खामेनेई 36 साल से ईरान के रहबर हैं। 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' के सदस्यों को ईरान की आम जनता वोटिंग के जरिए चुनती है, लेकिन इसके उम्मीदवार गार्डियन काउंसिल ही तय करती है। जबकि गार्डियन काउंसिल के 12 में से 6 इस्लाम के जानकारों को सीधे रहबर नियुक्त करते हैं, बाकी का चुनाव भी अप्रत्यक्ष रूप से वही करते हैं। ऐसे में कुल मिलाकर 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' पर गार्डियन काउंसिल का सीधा कंट्रोल रहता है, जबकि गार्डियन काउंसिल पर रहबर का। कुल मिलाकर भले ही ईरान के संविधान के तहत असेंबली ऑफ एक्सपर्ट को रहबर को बर्खास्त करने का अधिकार है, लेकिन ये रहबर के ही चुने हुए लोग होते हैं। इसीलिए आज तक इस असेंबली ने कभी भी खामेनेई के किसी फैसले को चैलेंज नहीं किया है।

**सवाल-5: खामेनेई के बाद कौन होगा उनका वारिस?**

**जवाब: जानकारों और कई मीडिया रिपोर्ट्स में दो लोगों का जिक्र तेजी से हो रहा है...**

**1. अलीरेजा अराफी**: 67 साल के अलीरेजा शिया इस्लाम के धर्मगुरु और खामेनेई के पुराने सहयोगी हैं। असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स के उपाध्यक्ष और गार्डियन काउंसिल के सदस्य हैं। कोम में शुक्रवार की नमाज अलीरेजा की इमामत यानी अगुआई में ही होती है। वह कोम के प्रमुख भी रहे हैं। खामेनेई के साथ उनके करीबी रिश्ते और ईरान की सरकार में उनके प्रभाव के चलते उन्हें खामेनेई का संभावित वारिस माना जा रहा है।

**2. हाशिम हुसैनी बुशेहरी**: 70 साल के शिया धर्मगुरु हाशिम बुशेहरी, ईरान की ट्वेल्वर शिया कम्युनिटी से आते हैं। 90% शिया इसी कम्युनिटी से हैं। बुशेहरी भी कोम में शुक्रवार की नमाज में इमामत करते हैं। इसके अलावा वे कोम सेमिनरी सोसाइटी के चीफ हैं और असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स में ईरान के बुशहर प्रांत के प्रतिनिधि के तौर पर शामिल हैं। खामेनेई के करीबी माने जाने के कारण बुशेहरी को भी खामेनेई का संभावित वारिस माना जा रहा है।

**सवाल-6: क्या खामेनेई के बेटे मोजतबा उत्तराधिकारी की दौड़ से बाहर हो चुके हैं?**

**जवाब:** ईरानी अधिकारियों के मुताबिक, खामेनेई के दूसरे नंबर के बेटे मोजतबा का नाम खामेनेई के चुने हुए तीन लोगों में नहीं है। माना जा रहा है कि वंशवाद के आरोप से बचने के लिए खामेनेई ने मोजतबा का नाम नहीं लिया है। हालांकि, 56 साल के मोजतबा को भी खामेनेई का वारिस माना जाता रहा है। 2024 के आखिर में कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि खामेनेई ने अपनी बीमारी के चलते ईरान के सुप्रीम लीडर की गद्दी मोजतबा को सौंप दी थी। हालांकि, तब इसकी पुष्टि नहीं हो पाई। कोम से इस्लाम की शिक्षा पाने वाले मोजतबा लो-प्रोफाइल रहते हैं। सरकार में कभी कोई पद नहीं लिया। 2009 में चुनाव में गड़बड़ी के आरोपों के बाद शुरू हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों को सख्ती से कुचलने के चलते मोजतबा पहली बार दुनिया की नजर में आए। इसमें कई लोग मारे गए। अमेरिका ने मोजतबा पर बैन लगाया है। मोजतबा के अलावा ईरान के राष्ट्रपति रहे इब्राहिम रईसी को भी खामेनेई की गद्दी का वारिस माना जा रहा था, लेकिन मई 2024 में उनकी एक हेलिकॉप्टर क्रैश में मौत हो गई थी।

**सवाल-7: इजराइल के हमले के बाद ईरान के अंदरूनी हालात क्या हैं?**

**जवाब:** ईरानी अधिकारियों के मुताबिक, ईरान के लिए ये युद्ध दो मोर्चों पर चल रहा है। एक तरफ हवाई हमले हो रहे हैं। वहीं दूसरी तरह सरकार को इजराइल के लिए जासूसी करने या उसकी मदद करने वालों से भी निपटना पड़ रहा है। अधिकारियों के मुताबिक, 'ईरान के सिक्योरिटी और इंटेलिजेंस सिस्टम में टॉप रैंक तक इजराइल के घुसपैठिए होने का डर है। यहां तक कि खामेनेई को भी इसका डर है।' ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद गालिबाफ के एडवाइजर महदी मोहम्मदी ने एक ऑडियो रिकॉर्डिंग में कहा था, 'हमारी सिक्योरिटी और इंटेलिजेंस सिस्टम से बड़ा समझौता हुआ है। हमारे सभी सीनियर कमांडरों की एक घंटे के अंदर हत्या कर दी गई। हमारा सबसे बड़ा फेलियर ये था कि हमें पता नहीं चल पाया कि इजराइली खुफिया एजेंट्स हमले के लिए महीनों से ईरान में मिसाइल्स और ड्रोन के पुर्जे ला रहे थे।

## भोपाल दुष्कर्म-ब्लैकमेलिंग कांड का छठवां आरोपी अबरार इटारसी से गिरफ्तार



**भोपाल।** राजधानी में दुष्कर्म-ब्लैकमेलिंग कांड का छठवां आरोपित अबरार इटारसी से गिरफ्तार कर लिया गया है। एफआइआर के 65 दिन बाद भोपाल पुलिस ने उसको ढूंढ निकाला। बताया जा रहा है कि अबरार मुंबई जाने के लिए टुकड़ों में यात्रा कर रहा था। वह इटारसी के एक होटल में ठहरा हुआ था, जहां से पुलिस ने उसे शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया।

### पश्चिम बंगाल और बिहार में घूम रहा था आरोपी

अबरार जहांगीराबाद और अशोकागार्डन थाने में दर्ज दो सगी बहनों के प्रकरणों में फरहान व अली को कमरा उपलब्ध करवाने का आरोपित है। पुलिस ने उसे शुक्रवार को गिरफ्तार किया था, शनिवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। जहांगीराबाद थाना प्रभारी आशुतोष उपाध्याय ने बताया कि आरोपित पिछले दो महीने से पश्चिम बंगाल और बिहार के अलग-अलग क्षेत्रों में छिपता घूम रहा था। एफआइआर होने की खबर लगने के बाद से उसने मोबाइल का इस्तेमाल छोड़ दिया था। इस दौरान अपने दोस्तों व रिश्तेदारों के घरों में रह रहा था। वह अब मुंबई जाने की फिराक में था। बता दें कि अप्रैल महीने में भोपाल के टीआइटी कॉलेज में हिंदू छात्राओं से दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग करने वाले एक गिरोह का खुलासा हुआ था। इस कांड में मुख्य आरोपित फरहान और उसके चार साथी अली, साहिल, साद और नबील को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

## एअर इंडिया की जयपुर-दुबई फ्लाइट के कॉकपिट में खराबी

**नई दिल्ली/जयपुर/इंदौर।** एअर इंडिया और दूसरी एयरलाइंस की फ्लाइट्स में तकनीकी खामी आने और अन्य वजहों से कैंसिल होने का सिलसिला जारी है। सोमवार को एअर इंडिया एक्सप्रेस की दो फ्लाइट और इंडिगो की एक फ्लाइट को रद्द करना पड़ा। इनके अलावा, रविवार को एअर इंडिया की तीन फ्लाइट्स कैंसिल की गई थीं। सोमवार को एअर इंडिया एक्सप्रेस की जयपुर से दुबई की फ्लाइट में टेक ऑफ से ठीक पहले कॉकपिट में तकनीकी खराबी आ गई। इसके बाद रनवे एरिया से पायलट ने फ्लाइट को फिर से एप्रन में पहुंचाया। इसमें 130 पैसेंजर्स सवार थे। 5 घंटे तक फ्लाइट को ठीक करने की कोशिश की गई। फिर भी सफलता नहीं मिली। इसके बाद दुबई की इस फ्लाइट को रद्द करने का फैसला लिया गया।




**2. दिल्ली से जम्मू जा रही एअर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट बिना लैंडिंग वापस लौटी-** एअर इंडिया एक्सप्रेस की दिल्ली-जम्मू-श्रीनगर फ्लाइट जम्मू एयरपोर्ट पर लैंड किए बिना दिल्ली लौट गई। अधिकारियों ने बताया कि फ्लाइट नंबर IX-2564 को श्रीनगर से पहले जम्मू में उतरना था। मौसम और रनवे साफ थे, लेकिन पायलट को उचित लैंडिंग पॉइंट नहीं मिला।

**3. इंडिगो की इंदौर से भुवनेश्वर की फ्लाइट-** सोमवार को इंदौर से भुवनेश्वर जा रही इंडिगो की फ्लाइट 6ए 6332 (एयरबस अ320 नियो विमान) तकनीकी खराबी के चलते रनवे के बीच से लौट आई। फ्लाइट में 80 से ज्यादा यात्री सवार थे। इंदौर एयरपोर्ट टर्मिनल मैनेजर ने बताया कि विमान में माइनर टेक्निकल फॉल्ट की जानकारी सामने आई थी। सुधार के बाद विमान इंदौर से भुवनेश्वर के लिए रवाना हो गया है। विमान करीब ढाई घंटे तक रनवे पर खड़ा रहा। इस दौरान सभी यात्री विमान में ही बैठे रहे।

**DGCA ने एअर इंडिया के मुख्य बेस का ऑडिट शुरू किया-** सोमवार को DGCA ने हरियाणा के गुरुग्राम में मौजूद एअर इंडिया के मुख्य बेस ऑडिट शुरू किया है। इसमें ऑपरेशन, फ्लाइट शिड्यूलिंग, रोस्टरिंग और दूसरी चीजें शामिल हैं। ऑडिट करने वाली टीम ने में DGCA के 8 अधिकारी शामिल हैं। आम तौर पर 3 सदस्य की टीम ईयरली ऑडिट करती है। 21 जून को DGCA ने 2024 से एयरलाइन के फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर से एयरलाइन के प्लांड-अनप्लांड इंस्पेक्शन, ऑडिट, कॉकपिट/रूट, स्टेशन सुविधा, रैंप और केबिन इंस्पेक्शन की डिटेल मांगी थी।

## 'देश छोड़कर भागने की कोशिश में खामेनेई'

**नई दिल्ली।** चाहे अमेरिका हो या इजरायल, दोनों देशों के निशाने पर ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह खामेनेई हैं। 13 जून की सुबह यानी जब से इजरायल ने ईरान के खिलाफ सैन्य शुरू की है तब से अयातुल्लाह खामेनेई किसी सुरक्षित ठिकाने पर छिपे हुए हैं। कुछ दिनों पहले दावा किया था कि खामेनेई और उनके परिवार को किसी बंकर में छिपाकर रखा गया है। वहीं, इजरायली रक्षा मंत्री याओव गैलेंट ने कहा था कि खामेनेई के खात्मे के बाद ही ऑपरेशन राइजिंग लायन को सफल माना जाएगा।

### ईरान भागने की कोशिश में खामेनेई: शाह पहलवी

ईरान के निर्वासित क्राउन प्रिंस रेजा शाह पहलवी भी लगातार खामेनेई के खिलाफ हल्ला बोल दिया है। रेजा शाह पहलवी ने आरोप लगाया है कि खामेनेई और उनके करीबी ईरान से भागने की कोशिश कर रहे हैं। मेरे लिए खामेनेई के लिए एक सीधा संदेश है: पद छोड़ दें, अगर आप ऐसा करते हैं, तो आपको निष्पक्ष सुनवाई और कानून की उचित प्रक्रिया मिलेगी।" प्रिंस रेजा शाह पहलवी ने कहा कि ईरान की सत्ता का उन्हें लोभ नहीं है। शाह पहलवी ने कहा,"मैं राजनीतिक सत्ता नहीं चाहता, बल्कि हमारे महान राष्ट्र को स्थिरता, स्वतंत्रता और न्याय की ओर इस महत्वपूर्ण समय में आगे बढ़ने में मदद करना चाहता हूं।" पहलवी ने अमेरिका और इजरायल से अपील की है कि ईरान के वर्तमान शासन को जीवनदान न दें।

## इजरायल ने ईरान पर फिर किए हवाई हमले



**तेहरान।** इजरायल ने सोमवार तड़के ईरान पर फिर से हवाई हमले किए। इससे पहले ईरान से दागी गयी एक मिसाइल को इजरायली सेना ने इंटरसेप्ट कर नष्ट कर दिया था। इजराइली वायुसेना (आईएएफ) ने ईरान के करमानशाह प्रांत में स्थित सैन्य ढांचे को निशाना बनाते हुए मिसाइल लॉन्च और भंडारण केंद्रों पर बमबारी की। इस ऑपरेशन में 15 से अधिक युद्धक विमानों ने हिस्सा लिया। यह हमला ईरान की ओर से इजराइल में दागी गई मिसाइल के बाद हुआ। इजरायली सेना ने कहा कि मिसाइल को मार गिराया गया है और इस दौरान जान-माल का कोई नुकसान नहीं हुआ है। उल्लेखनीय है कि अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान में शासन परिवर्तन की संभावना जताई थी और रविवार सुबह अमेरिकी बमवर्षकों तथा पनडुब्बियों ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर भारी हमले किये। इसी के बाद ईरान ने इजरायल पर हमले किए । इस घटनाक्रम से मध्य-पूर्व में तनाव और अधिक बढ़ने की आशंका जतायी जा रही है।

### उनकी कार ने रोड शो में एक व्यक्ति को कुचला था; VIDEO सामने आने पर कार्रवाई

## आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम जगन पर एफआईआर

**हैदराबाद।** आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी के खिलाफ हिट एंड रन मामले में FIR दर्ज हो गई है। यह जानकारी गुंटूर जिले के SP एस सतीश कुमार ने रविवार देर रात प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। रढ ने बताया कि पूर्व C M की कार ने 5 दिन पहले रोड शो के दौरान 53 साल के व्यक्ति को कुचल दिया था। अस्पताल ले जाते वक्त उनकी मौत हो गई। मृतक का नाम चीली सिंघैया है। वह जगन की पार्टी YSRCP के कार्यकर्ता थे। वीडियो सामने आने के बाद कार्रवाई हुई।

### अब समझिए मामला क्या है

घटना 18 जून की है। जगन पालनाडु जिले के रेंटापल्ला गांव में पार्टी के एक कार्यकर्ता के परिवार से मिलने जा रहे थे। कार्यकर्ता ने पिछले साल पुलिस प्रताड़ना से



परेशान होकर आत्महत्या कर ली थी। जगन मोहन उसी के समर्थन में रोड शो कर रहे थे। जब काफिला एतुकुरु बाइपास से गुजर रहा था, तब यह हादसा हुआ। रढ सतीश कुमार ने 18 जून की शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया था कि सिंघैया काफिले पर फूल फेंकते समय गिर गए और गाड़ी की चपेट में आ गए। गाड़ियां बिना रुके आगे बढ़ गईं। हाईवे पेट्रोलिंग पुलिस उन्हें अस्पताल ले गई, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पहले पुलिस ने कहा था कि हादसा जगन की कार से नहीं हुआ।

## उपचुनाव में जीत के बाद जश्न के दौरान बम विस्फोट

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में कालीगंज विधानसभा क्षेत्र के मोलंदी इलाके में सोमवार को अज्ञात बदमाशों के एक समूह ने सॉकेट बम फेंका, जिसमें एक नाबालिग लड़की की मौत हो गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इस क्षेत्र में 19 जून को हुए उपचुनाव के लिए मतगणना चल रही है। गत 19 जून को इस सीट के लिए मतदान हुआ था। आज सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू हुई थी। सूत्रों के मुताबिक पीड़िता की मां ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों ने अपनी पार्टी की उम्मीदवार अलीफा अहमद की जीत का जश्न मनाने के दौरान कुछ लोगों ने सॉकेट बम से विस्फोट किया, जिसमें उनकी पुत्री तमन्ना खातून की मौके पर ही मौत हो गयी। तमन्ना चौथी कक्षा की छात्रा थी।

### बंगाल में काउंटिंग के दौरान ब्लास्ट, बच्ची की मौत

## 4 राज्यों के 5 विधानसभा उपचुनाव:गुजरात के विसावदर, पंजाब के लुधियाना में AAP जीती

**गांधीनगर/कोलकाता/लुधियाना/तिरुवनंतपुरम।** चार राज्यों की 5 विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव का रिजल्ट आ चुका है। गुजरात की कडी सीट से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र चावड़ा जीते। उन्होंने कांग्रेस के रमेश चावड़ा को हराया। विसावदर पर AAP के गोपाल इटालिया जीते। भाजपा के कीर्ति पटेल दूसरे नंबर पर रहे। केरल में UDF उम्मीदवार कांग्रेस के आर्यदन शौकत को जीत मिली। उन्होंने CPIM के एम.स्वराज को हराया। पंजाब की लुधियाना वेस्ट AAP के खाते में आई, यहां संजीव अरोड़ा जीते। कांग्रेस के भारत भूषण आसु दूसरे नंबर पर रहे। पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट पर TMC प्रत्याशी अलिफा अहमद जीतीं। उन्होंने भाजपा के आशीष घोष को हराया। इन सभी पांचों सीटों पर 19 जून को वोटिंग हुई थी। वहीं, कालीगंज सीट के लिए जारी काउंटिंग के बीच कृष्णानगर थाना क्षेत्र के बाराचंदगर इलाके में एक विस्फोट हुआ। घटना में 9 साल की बच्ची की मौत हो गई। पश्चिम बंगाल की CM ममता बनर्जी ने बच्ची की मौत पर दुख जताया। उन्होंने पोस्ट में लिखा- पुलिस दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करेगी।

### केजरीवाल बोले- मैं राज्यसभा नहीं जा रहा

लुधियाना से संजीव अरोड़ा के चुनाव जीतने पर वे राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देंगे। उनकी खाली हुई राज्यसभा सीट पर अरविंद केजरीवाल के राज्यसभा जाने की अटकलें हैं। हालांकि, अरोड़ा के चुनाव जीतने के बाद दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में केजरीवाल ने स्पष्ट किया कि पार्टी की ओर से राज्यसभा में किसे




भेजा जाना है यह फैसला AAP की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (PAC) लेगी, मैं राज्यसभा नहीं जा रहा हूं।

**उपचुनाव वाले राज्यों में वर्तमान सरकार की स्थिति- गुजरात:** यहां भाजपा की सरकार है। भूपेंद्र पटेल उट हैं। कुल विधानसभा सीटें 182 हैं। भाजपा के पास 161 विधायक हैं, कांग्रेस के पास 12 और AAP के पास चार हैं। जबकि एक सीट समाजवादी पार्टी और दो निर्दलीय के पास है। **पश्चिम बंगाल:** राज्य में तृणमूल कांग्रेस की सरकार है। ममता बनर्जी C M हैं। कुल विधानसभा की 294 सीटें हैं। TMC के पास 215 विधायक हैं। भाजपा के पास 77 सीटें हैं। कांग्रेस का कोई भी विधायक नहीं है। **पंजाब:** यहां आम आदमी पार्टी (AAP) की सरकार है। भगवंत मान C M हैं। कुल विधानसभा सीटें 117 हैं। अअढ के पास 91 सीटें हैं। कांग्रेस के पास 18 सीट, शिरोमणि अकाली दल (SAD) के पास 3 सीट, इरढ के पास 1 और इखढ के पास 2 सीटे हैं। एक विधायक निर्दलीय है। केरल: यहां लेफ्ट डेमोक्रेटिक फंट (LDF) की सरकार है। पिनाराई विजयन C M हैं। कुल विधानसभा सीटें 140 हैं। LDF के पास 98 सीटें हैं। यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (UDF) के पास 41 सीटें हैं।




# शिक्षा विभाग में भी चल रहा अजब गजब खेल नियम कानून नरम, चल रही जेब गरम

**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला। आदिवासी बाहुल्य जिला में हर तरफ हरियाली का माहौल बना हुआ जैसे ही मौसम करबट बदल लेता है, पर जिले में प्रशानिक अमला अपना रुख कब बदलेगा या फिर जिले के उच्च पद में अजगर की तरह आसीन अधिकारी कर्मचारी बड़े बड़े घोटाले गबन और नियमों की अनदेखी कर अपने जेब के साथ साथ घर भर रहे है और जिस तरह इस जिले में नियम कायदे चल रहें है।**

शायद किसी जिले में चलता हो क्योंकि इस जिले में लूट सको तो लूट लो कि तर्ज में शासकीय कार्यालय में खेल चल रहा है और जिम्मेदार गाँधी जी के तीन बंदरों की तरह बन बैठे है न जहा कुछ दिखाई दे रहा न सुनाई दे और न ही दिखाई दे रहा क्योंकि इनके आगे सब गांधी जी हरि हरि नोटों की हरियाली छा रही है जहाँ पर कुछ न दिखाई पड़ता ओर न ही सुनाई आखिकार कब इस जिले के जिम्मेदार गहरी नींद से जागेंगे और इन्हें कौन जगाएगा।

वही जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग में भी अजब गजब खेल चल रहा है और किस कदर नियमों की अनदेखी की जा रही है जहाँ पर "वरिष्ठ की जगह कनिष्ठ को बनाया बीईओ, शासन निदेर्शों की खुली अवहेलना, मंडला जिले में स्थानांतरण नीति पर उठे सवाल2" जिले में हाल ही में हुए स्थानांतरण के आदेशों को लेकर शिक्षा विभाग सहित कर्मचारियों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। आरोप है कि शासन की स्पष्ट निदेर्शों की अनदेखी करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को दरकिनार कर कनिष्ठ शिक्षकों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) का प्रभार सौंपा जा रहा है। इससे न सिर्फ प्रशासनिक मयार्दा भंग हो रही है बल्कि कर्मचारियों में असंतोष भी गहराता जा रहा है। दिनांक 17 जून 2025 को सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग मण्डला द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश में प्रभारी मंत्री की अनुमोदन का हवाला देते हुए उच्च माध्यमिक शिक्षकों को बीईओ जैसे उच्च प्रशासनिक पद का अतिरिक्त वित्तीय एवं प्रशासनिक प्रभार सौंपा गया है। इस निर्णय में मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग, भोपाल के पत्र क्रमांक एक 6-1/2024/एफ/9 दिनांक 29.04.2025 एवं आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग म.प्र. के पत्र क्रमांक स्था/2025/9366 दिनांक 07.05.2025 का उल्लेख किया गया है।




## शासन आदेशों की खुलेआम की जा रही अनदेखी

विभागीय सूत्रों के अनुसार, मध्यप्रदेश शासन ने पूर्व में जारी आदेश क्रमांक शिक्षा-स्था.1/884 /2020/10954 दिनांक 26.06.2020, सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश दिनांक 04.11.1996 और 14.11.2014 तथा अन्य अधिसूचनाओं के तहत यह स्पष्ट किया था कि किसी भी रिक्त पद का प्रभार वरिष्ठता या समकक्ष अधिकारी को ही सौंपा जाना चाहिए। परंतु मंडला जिले में इस दिशा-निर्देश का खुला उल्लंघन देखने को मिल रहा है, जहां कनिष्ठ अधिकारियों को वरिष्ठ अधिकारियों के ऊपर बैठा दिया गया है।

## उठी मांग, नियमों के अनुसार हो स्थानांतरण

वही कर्मचारी संगठनों ने जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि स्थानांतरण नीति में पारदर्शिता बरती जाए और नियम विरुद्ध पदस्थापनों पर तत्काल रोक लगाई जाए। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ, तो कर्मचारी आंदोलन का रास्ता अपना सकते हैं। मंडला जिले में स्थानांतरण नीति 2025 के तहत वरिष्ठता की अनदेखी कर बीईओ पद पर कनिष्ठ अधिकारियों की नियुक्ति ने शासन की नीतियों पर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं। यह नियुक्तियां न केवल नियम विरुद्ध मानी जा रही हैं, बल्कि इससे प्रशासनिक ढांचा भी प्रभावित हो रहा है।

## प्रशासनिक असंतुलन और कर्मचारियों में असंतोष पर कौन सुनेगा

वहीं कुछ कर्मचारियों का कहना है कि इससे वरिष्ठ अधिकारियों को अपने कनिष्ठों के अधीन काम करना पड़ रहा है, ये कैसा समय आ गया है जो प्रशासनिक दृष्टिकोण से असंगत है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि प्रभारी मंत्री को केवल तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की जिले में पदस्थापना के अधिकार हैं, द्वितीय श्रेणी के अधिकारी जैसे बीईओ के प्रभार हेतु उनका अनुमोदन नियमों के अनुरूप नहीं है।

## इस संबध में क्या कहते है जिम्मेदार....

वरिष्ठ की जगह कनिष्ठ को बीईओ का प्रभार दिया जाना गलत है, जिला शिक्षा समिति की बैठक मे यह मामला उठाया जायेगा, अधिकारियों को शासनादेश का पालन किया जाना चाहिए।

**इंजी. कमलेश तेकाम**
**उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति अध्यक्ष**
**जिला पंचायत मण्डला**

प्रभारी मंत्री के अनुमोदन से आदेश हुए हैं, ये आदेश अतिरिक्त प्रभार हेतु है, नये बीईओ की पदस्थापना होने पर इनको हटाया जा सकता है।

**बंदना गुप्ता, सहायक आयुक्त जन जनजाति कार्य विभाग मण्डला**



# इनर व्हील क्लब मंडला मेकल में नई कार्यकारिणी

## श्रद्धा तपा अध्यक्ष, सुनीता पमनानी सचिव और रुबी तपा कोषाध्यक्ष बनीं

**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला।** मंडला में इनर व्हील क्लब मंडला मेकल का इंस्टॉलेशन समारोह स्थानीय होटल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री संपतिया उइके मुख्य अतिथि रहीं। उन्होंने सदस्यों को प्लास्टिक मुक्त भारत और महिला सशक्तिकरण पर काम करने के लिए प्रेरित किया। क्लब की नई अध्यक्ष श्रद्धा तपा को कॉलर पहनाकर पदभार सौंपा गया। नए सत्र के लिए सचिव सुनीता पमनानी, कोषाध्यक्ष रुबी तपा, आईएसओ प्रिया पमनानी और एडिटर आरती बृजपुरिया को नियुक्त किया गया। समारोह में क्लब की नई सदस्यों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धा तपा, सुनीता पमनानी, मोना जैन समेत 29 सदस्याएं मौजूद रहीं। इन सदस्यों ने समाज सेवा के प्रति अपनी जवाबदेही का संकल्प लिया। पूर्व अध्यक्ष मोना जैन ने सभी अतिथियों और सदस्यों का आभार व्यक्त किया। यह कार्यक्रम सेवा और सहयोग की भावना को मजबूत करने का प्रयास रहा।

# नैनपुर में बेकाबू कार घर में घुसी: ड्राइवर मौके से फरार

**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला।** मंडला जिले के नैनपुर में एक बेकाबू मारुति ईको कार (M P 50 ZA 7158) घर में जा घुसी। खेरमाई सड़क मार्ग पर हुई इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। घटना के बाद ड्राइवर कार छोड़कर भाग गया। सूचना मिलते ही नैनपुर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस फरार चालक की तलाश में जुटी है। नैनपुर थाना क्षेत्र में यह घटना ऐसी पहली नहीं है। स्थानीय लोगों के अनुसार, क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया है और आगे की कार्रवाई में जुटी है। घटना से आसपास के लोगों में दहशत का माहौल है।




# जन स्वाभिमान यात्रा का चुटका आगमन चुटका के ग्रामीणों ने संघर्ष का संकल्प दोहराया

**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला।** ज़िले में जन संघर्ष मोर्चा महाकौशल द्वारा 9 जून को बालाघाट से निकाली गईह्यजन स्वाभिमान यात्राह्णकल चुटका परमाणु परियोजना से प्रभावित ग्रामीणों के बीच पहुंची। ग्रामीणों ने यात्रा का आत्मीय स्वागत किया। चुटका से पहले जन स्वाभिमान यात्रा बरगी बांध से विस्थापित गांव पाठा विकास खंड नारायणगंज पहुंचा, जहां बरगी जलाशय के मछुआरों के साथ चर्चा हुआ। मछुआरों ने बताया कि जलाशय में मत्स्य उत्पादन बहुत ही कम हो गया है। इसलिए मछुआरा रोजगार के लिए बाहर पलायन को बाध्य है। मत्स्य उत्पादन में गिरावट को लेकर राज्य सरकार से लगातार अध्ययन हेतु अनुरोध किया जा रहा है। परन्तु सरकार के तरफ से इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।दूसरी ओर बरगी जलाशय में कार्यरत 45 मछुआरा सहकारी समिति में से 5 मछुआरा समितियों के 187 मछुआरा सदस्य चुटका परियोजना के सुरक्षा कारणों से जलाशय में मत्स्याखेट करने से वंचित हो जाएंगे। जिनके पास रोजगार का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। चुटका परमाणु विरोधी संघर्ष समिति के अध्यक्ष दादु लाल कुड़ापे ने यात्रा में शामिल प्रतिनिधियों को बताया कि इस चुटका परमाणु परियोजना को केंद्र सरकार द्वारा 2009 में सैद्धांतिक मंजूरी मिला था।तब से आसपास के दर्जनों गांव इस परियोजना का विरोध कर रहे हैं। क्योंकि विकास के नाम बरगी बांध बनने की कीमत हम लोगों ने मजदूर बनकर चुकाया है। सभी विरोधों को दरकिनार करते हुए जबलपुर कमिश्नर द्वारा 11 दिसम्बर 2015 को परियोजना के पक्ष में अवार्ड पारित कर दिया गया। जमीन का मुआवजा लगभग 3.75 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर निर्धारित किया गया है, जो हमलोगों को अमान्य है। चुटका परमाणु विरोधी महिला मोर्चा की अध्यक्ष मीरा बाई मरावी ने बताया कि ग्राम पंचायत पाठा के अन्तर्गत ग्राम चुटका की ग्राम सभा ने दिनांक 16 मार्च 2012 को 26 मांगों की शर्तें पूरी हाने पर सशर्त मंजूरी दिया था। जिसमें पहला मांग था कि अर्जित भूमि का मुआवजा 60 लाख रुपये हेक्टेयर दिया जाए।जो नर्मदा घाटी में सरदार सरोवर बांध के किसानों को उच्चतम न्यायालय के आदेश पर दिया गया है।प्रत्येक विस्थापित परिवार को कृषि योग्य 5 एकड़ जमीन दिया जाए।समस्त विस्थापित परिवारों के वयस्क बेरोजगार लड़का और लड़की को उसकी योग्यता के अनुसार शासकीय नौकरी प्रदान की जाए।इसी सशर्त मंजूरी को परियोजना वाले मंजूरी मान लिया। परन्तु 13 साल बाद भी आजतक इस पर अमल नहीं किये जाने पर ग्रामीणों ने न्याय मिलने तक गांव नहीं छोड़ने का फैसला लिया है और हमलोग अंतिम दम तक संघर्ष करेंगे। बैठक के अंत में जन संघर्ष मोर्चा के विवेक पवार ने चुटका परमाणु विरोधी संघर्ष समिति द्वारा चलाए जा रहे संघर्षों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि मंडला जिले में विस्थापन और पलायन के खिलाफ एकजुट होना होगा।इस कार्यक्रम में गेहबर सिंह बरकड़े,डूमारी लाल बरकड़े, बराती लाल बरकड़े, सुभाष बर्मन, सीताराम बर्मन, मुन्ना बर्मन, बैजन्ती बाई बरकड़े,पराग बाई कुंजाम,बबली बाई बरकड़े,सरीता बाई बरकड़े, दयावती बरकड़े और बरगी बांध विस्थापित एवं प्रभावित संघ के राज कुमार सिन्हा, अतुल बंजारा, अनुराग सिंगोर आदि शामिल थे।

**दादु लाल कुड़ापे, अध्यक्ष**
**चुटका परमाणु विरोधी संघर्ष समिति**

# जिले में 54 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और 524 सहायिकाओं की होगी भर्ती

**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला।** महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों में आंगनवाड़ी कार्यकताओं एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों की भर्ती की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। इसके तहत 4 जुलाई तक एमपी ऑनलाइन के माध्यम से आवेदन किए जा सकते हैं। लंबे समय बाद विभाग द्वारा एक साथ जिले के सभी ब्लॉकों में भर्ती की जा रही है। जिले में 58 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और 524 सहायिकाओं के खाली पदों को के लिए यह प्रक्रिया अपनाई जा रही है जिसमें पात्रता अनुसार महिलाओं को अवसर दिया जाएगा। दोनों ही पदों की आवेदिकाओं के लिए संबंधित ग्राम और शहरी क्षेत्र के लिए वार्ड निवासी होना अनिवार्य है। रिक्त पदों की पूर्ति हेतु एम.पी. ऑनलाईन के चयन पोर्टल https://chayan.mponline.gov.in/portal/ के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं। सभी आवेदन ऑनलाईन होगें एवं समस्त दस्तावेज पी.डी.एफ में अपलोड करने होगें। सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवासी संबंधी प्रमाण पत्र, आवेदिका अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति की हैं तो जाति प्रमाण पत्र, आवेदिका वर्तमान में बीपीएल में जीवनयापन कर रही है तो बीपीएल का प्रमाण पत्र, विधवा/परित्यक्ता के लिए सक्षम न्यायालय द्वारा जारी प्रमाण पत्र लेकर ही आवेदन ऑनलाइन करना है।

# कुर्मी समाज एक संगठित समाज: संपत्तिया उइके

## पटेल मंगल भवन के टीन शेड का लोकार्पण कार्यक्रम संपन्न

**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला।** ज़िले के कुर्मी समाज विकास संगठन जिला मंडला के तत्वावधान में स्थानीय बिंझिया स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल मंगल भवन मंडला में सैकड़ो मातृ- शक्तियों ने सुहागलें पूजन कर परिवार में सुख शांति एवं समाज कल्याण के लिए ओसान माता से प्रार्थना किया। इस अवसर पर विधायक निधि से निर्मित टीन शेड का लोकार्पण व प्रतिभावान छात्राओं का सम्मान समारोह और सेवानिवृत्ति, वृद्ध जनों का अभिनंदन कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जन जन में लोकप्रिय श्रीमती संपत्तिया उइके कैबिनेट मंत्री पी.एच.ई. विभाग मध्य प्रदेश शासन ने अपने उद्बोधन में कहा कि मंडला जिले में कुर्मी समाज अब एक संगठित समाज के रूप में लगातार प्रत्येक क्षेत्र में उन्नति कर रहा है। जो खेती किसानी से लेकर अब उच्च पदों पर भी सुशोभित होता दिखाई दे रहा है। कुर्मी समाज की उनके एवं उनकी पार्टी के प्रति आस्था को मद्देनजर रखते हुए उन्होंने पटेल मंगल के जीणोद्धार के लिए 10 लाख की राशि भी स्वीकृत की। गांव में संचालित कुर्मी समाज की महिला मंडलियों के लिए पांच-पांच हजार रुपए देने प्रतिभावान छात्र -छात्राओं को प्रोत्साहन स्वरूप ? पांच- पांच हजार प्रदान करने की घोषणा की। श्रीमती उईके ने कुर्मी समाज से अपेक्षा की कि वह एक निशुल्क कोचिंग सेंटर खोलकर समाज के युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान कर सकते हैं। इस हेतु अधिक से अधिक शासकीय सहयोग भी शासन स्तर से प्रदान किए जाएंगे।सुहागलें कार्यक्रम में उपस्थित सैकड़ों महिलाओं को शुभकामना देते हुए श्रीमती उईके उन पर पुष्पवर्षा कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। मंगल भवन से लगी नाली निर्माण के लिए भी आपने 40 लाख रुपए स्वीकृत किए हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित श्री देवसिंह सैयाम पूर्व विधायक एवं राज्य मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण के करकमलो से मंगल भवन के ऊपरी तल पर निर्मित टीन शेड का लोकार्पण कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। श्री सैयाम ने कहा कि सामाजिक विकास की दिशा में यह टीन शेड एक सशक्त माध्यम बनेगा। अपने स्वागत उद्बोधन में समाज के जिला अध्यक्ष एडवोकेट सी.बी. पटेल ने समस्त अतिथियों का सम्मान करते हुए कहा कि सामाजिक उत्थान की दिशा में उनके प्रयास सदैव जारी रहेंगे। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। समाज के वयोवृद्ध अंजनिया निवासी श्री यदुनंदन सिंह पटेल ने अपने विचार रखते हुए कहा कि उनका प्रयास होगा कि निकट भविष्य में जिले के प्रत्येक गांव में कुर्मी समाज के लोगों का सदस्यवार, परिवार वार जनगणना करके उनकी विस्तृत जानकारी हासिल कर एक ग्रंथ का निर्माण कर उनके इतिहास को सामने लाने का प्रयास किया जावेगा। उल्लेखनीय की यदुनंदन सिंह पटेल ने रामचरितमानस पर आधारित हस्तलिखित एक शोध ग्रंथ मानस के मोती भी तैयार




किया है।जिसका अवलोकन भी कार्यक्रम के दौरान माननीय मंत्री महोदया एवं अतिथियों के द्वारा किया गया। मानस के मोती की अवलोकन के पश्चात श्रीमती संपत्तियां उईके कि कहा कि श्री पटेल की यह एक अद्भुत कृति से पूरा जिला गौरवान्वित हुआ है। इस तरीके के प्रयास जारी रखे जाएं। बी जे पी महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री और समाज की संरक्षक सुश्री शशि पटेल ने अपने विचार रखे हुए कहा कि समाज की समस्त मातृ -शक्तियों के सर्वांगीण विकास के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगीं। गांव- गांव जाकर एक सशक्त समाज का संगठन तैयार करने का उनका प्रयास होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विराजमान भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कहा कि उन्हें प्रसन्नता हो रही है कि कुर्मी समाज के छात्राओं ने विगत कई वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित करते आ रहे हैं। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि जय दत्त झा ने कहा कि वे सदैव कुर्मी समाज के विकास के लिए तत्पर रहेंगे और उनका प्रयास होगा कि कुर्मी समाज अन्य क्षेत्रों में भी उपलब्धि हासिल कर एक नया आयाम स्थापित करें। मंगल भवन में आयोजित प्रतिभावान छात्र -छात्राओं के सम्मान समारोह के दौरान नीट में सफल हुई टिकरावारा की बेटी रितिका एवं उनके परिवार सहित सैकड़ो छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त एवं वरिष्ठ जनों को भी मंत्री महोदया सहित मंचासीन अतिथियों ने सम्मानित किया। लगातार भारी बारिश के उपरांत भी कार्यक्रम में प्रत्येक गांव के क्षेत्रीय सदस्यों अध्यक्षों स्वजातीय भाई झ्र बहनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष श्रीमती संजूलता सिंगौर और उनकी टीम के प्रयासों से सैकड़ो मातृ-शक्तियों की एक निश्चित ड्रेस कोड में गरिमामयी उपस्थिति महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हुई। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश चंद्रोल तथा प्रियदर्शन पटेल द्वारा किया गया। राजकुमार सिंगौर ने कार्यक्रम की सफलता के लिए उपस्थित सभी जनों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त की गई कि भविष्य में भी इसी तरीके का सहयोग संगठन को स्वजातीय भाई, बहनों के द्वारा मिलता रहेगा। कार्यक्रम की सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही की इस भव्य आयोजन के लिए संगठन के कोष से किसी भी प्रकार की राशि का उपयोग ना करते हुए सामाजिक भाई बहनों ने इसके व्यय का बीड़ा स्वयं उठाया है जो की एक सराहनीय पहल है।

# लापरवाह पांच विकासखंड स्तरीय अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी

**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला।** जिला प्रबंधक लोक सेवा मंडला द्वारा लोक सेवा केन्द्र निवास का औचक निरीक्षण किया गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उपयंत्री तिलेन्द्र भाकरे, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक स्कूल शिक्षा विभाग निवास सुनील कुमार दुबे, महिला एवं बाल विकास विभाग निवास परियोजना अधिकारी दीपशिखा विश्वकर्मा, स्कूल शिक्षा विभाग निवास विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामनारायण पटेल तथा किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग निवास वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अनीता उपाध्याय को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। आवेदकों से लोक सेवा केन्द्रों में प्रति आवेदन की निर्धारित शुल्क राशि से अधिक शुल्क वसूल किया जा रहा था। शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता का द्योतक है।

# हॉकर जोन की दीवार गिरी: एक बाइक नीचे दबी, कोई हताहत नहीं

**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला।** मंडला में उदय चौक के पास कमानिया पुल के किनारे स्थित हॉकर जोन की दीवार सोमवार सुबह ढह गई। दीवार के नीचे एक बाइक दब गई। घटना के समय वहां कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था। घटना की सूचना मिलते ही तहसीलदार और नगर पालिका की टीम मौके पर पहुंची। क्षेत्र को बेरिकेड्स से घेर दिया गया है। तहसीलदार हिमांशु भलावी ने बाइक को निकालने और मामले की जांच का आश्वासन दिया है। नगर पालिका पुरानी खाई पर सौंदर्यीकरण का कार्य करवा रही है। ठेकेदार ने हॉकर जोन के पास बड़ी मात्रा में रेत जमा कर रखी थी। निर्माण कार्य में भारी वाहनों का आवागमन भी लगातार हो रहा था। पिछले दो दिनों की भारी बारिश से दीवार कमजोर हो गई थी। इसी कारण करीब 150-200 फीट लंबी दीवार ढह गई।

# कोटवार संघ की प्रांतीय बैठक में शामिल हुए मण्डला संगठन के पदाधिकारी



**दैनिक रेवांचल टाइम्स मंडला। भोपाल के लाल परेड मैदान के पास लाल मैरिज हॉल में मध्य प्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ के आवाहन पर जिला अध्यक्षों एवं प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक 20 जून को संपन्न हुई।**

संगठन के प्रदेश अध्यक्ष हरवीर सिंह यादव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मण्डला जिला संगठन की ओर से प्रदेश प्रवक्ता शंकर दास पड़वार एवं कुंवर दास धावैर्या सामिल हुए। मध्यप्रदेश के सभी जिला अध्यक्षों और प्रदेश कार्यकारिणी के जिम्मेदार पदाधिकारियों के द्वारा इस प्रांतीय बैठक में कोटवारों की लंबित मांगों को पूरा करने में सरकार की आनाकानी को लेकर गहन चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है,कि शासन के द्वारा कोटवार हित में पूर्व में की गई घोषणाओं के साथ-साथ जायज और लंबित मांगों को जल्द ही पूरा नहीं किए जाने पर,सरकार के सामने संवैधानिक तरीके से बात रखने जल्द ही विशाल प्रांतीय आंदोलन करने मजबूर होना पड़ेगा।जिसके लिए प्रदेश के सभी 38000 कोटवारों को तैयार रहने की अपील की गई है।



# पूर्व सचिव रमेश विश्वकर्मा और वर्तमान रोजगार सहायक की साझेदारी में पंचम वित्त आयोग की लूट

## ग्राम सकोला बना घोटाले का पर्याय, नियम-कानून को ताक पर रखकर निकाली गई राशि




**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** जिले के ग्राम पंचायत सकोला में पूर्व सचिव रमेश विश्वकर्मा और वर्तमान रोजगार सहायक की आपसी साठगांठ से योजनाओं के नाम पर फर्जी बिलों और फर्जी खरीद की मोटी रकम निकाली गई। ग्रामीणों के अनुसार लगभग 4 से 5 लाख रुपये की राशि सिर्फ.कागजों में खर्च हुई दिखाई गई, जमीनी स्तर पर उसका कोई प्रत्यक्ष प्रमाण नहीं मिला। काम न हुए, सामग्री नहीं आई, निरीक्षण नहीं हुआ, फिर भी भुगतान हुआ ये सब बातें सीधे-सीधे भ्रष्टाचार की ओर इशारा करती हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि अधूरे या हुए ही नहीं कार्यों के नाम पर बनावटी बिल प्रस्तुत कर लाखों की निकासी दिखाई गई, जिनमें सामग्री की कीमत बाजार भाव से 10 गुना तक लिखी गई। विश्वस्त सूत्रों के अनुसार, यह घोटाला ह्यकटह्ल की पूर्वनिर्धारित व्यवस्था पर चलता रहा, जहाँ आपूर्ति या सेवा बिना दिए भी आधा भुगतान पूर्व सचिव और आधा वर्तमान रोजगार सहायक के पास पहुँचता रहा। नियम तो साफ हैं, लेकिन पालन न होना ही सबसे बड़ा भ्रष्टाचार है। मध्यप्रदेश पंचायत (सामग्री एवं सामान क्रय) नियम, 1999 के अनुसारः?500 से ?15,000 तक की खरीदी के लिए न्यूनतम तीन कोटेशन आवश्यक हैं। ,15,000 से अधिक की राशि पर सार्वजनिक टेंडर की अनिवार्यता है।,हर सामग्री या सेवा की खरीदी ग्रामसभा की स्वीकृति और खरीदी समिति की बैठक के उपरांत ही की जा सकती है। कार्य आरंभ करने से पहले स्थल निरीक्षण, प्रमाणन और भुगतान से पहले फिजिकल वेरिफिकेशन अनिवार्य है। लेकिन सकोला में इन मानकों को पूरी तरह कुचल दिया गया। न कोई टेंडर हुआ, न कोटेशन, न समिति की बैठक, न स्थल निरीक्षण। कागजों में सब ह्यपूराह्ल और गाँव में सब ह्यगायबह्ल। यह कोई लापरवाही नहीं, बल्कि योजनाबद्ध आर्थिक अपराध है। जब निकासी नियमों के अनुसार नहीं हुई, तो यह "गलती" नहीं, "भ्रष्टाचार" है जब किसी योजना की राशि निकासी में नियमों का पालन नहीं होतान टेंडर, न कोटेशन, न ग्रामसभा, न समिति, न निरीक्षण तो यह महज "गलती" या "दुरुपयोग" नहीं, बल्कि सरासर भ्रष्टाचार है। यह भारतीय न्याय संहिता की धारा 314 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 13(1)(̣) व 13(2) के तहत गंभीर अपराध है, ग्राम सकोला में लोगों का आक्रोश चरम पर है। बुजुर्ग, महिलाएँ और नौजवान सभी जिला प्रशासन और कलेक्टर से इस प्रकरण की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जाँच की माँग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह सिर्फ.एक सचिव का कारनामा नहीं हो सकता इसमें जनपद और विभागीय अधिकारियों की भी संलिप्तता है। जब नियम ही नहीं माने गए, तो इस निकासी को वैध कैसे कहा जा सकता है।

# बरसात में पहुँच मार्ग बना खेत, जनप्रतिनिधियों की अनदेखी, प्रशासन मौन, ग्रामीण परेशान



**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** जिले के जनपद पंचायत जयसिंहनगर की ग्राम पंचायत मुंडिया टोला के बेल्हान टोला में सड़क की मांग अब सिर्फ एक मांग नहीं, बल्कि एक सालों से चला आ रहा संघर्ष बन चुका है। जनप्रतिनिधियों की अनदेखी और प्रशासन की उदासीनता ने गांव को मानो नक्शे से काटकर अलग कर दिया है। और जब उम्मीदें बार-बार तोड़ी जाती हैं, तब विरोध की चिंगारी आग बनकर भड़कने लगी हैं, ठीक वैसा ही हुआ बेल्हान टोला में, जहां ग्रामीणों ने कंधे पर जिम्मेदारी उठाई और कीचड़ में उतरकर सड़क पर विरोध दर्ज कराया। हर चुनाव से पहले गांव की सड़क पर नेता जरूर पहुंचते हैं, हाथ जोड़कर वादा करते हैं, सरकार बनते ही सड़क बनेगी, लेकिन चुनाव जीतते ही न नेता दिखते हैं, न वादे। ग्रामीणों ने सीधे-सीधे सांसद, विधायक और जनपद प्रतिनिधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि हमारे वोट तो सबको चाहिए, लेकिन हमारी तकलीफ किसी को नहीं दिखती। कलेक्टर से लेकर जनपद सीईओ तक हर स्तर पर ग्रामीणों ने दरखास्त दी, ज्ञापन सौंपा, गुहार लगाई , मगर हर बार अभी प्रस्ताव बन रहा है, बजट नहीं आया, ह्लटेंडर की प्रक्रिया जारी है जैसे रटे-रटाए जवाब मिले। धरातल पर काम शून्य है और गांव कीचड़ में धंसा हुआ है। बरसात में सड़क की हालत ऐसी हो जाती है कि राशन लाना, बच्चों का स्कूल जाना, बीमार को अस्पताल ले जाना, सब कुछ थम जाता है। गांव का जीवन ठहर जाता है और जनप्रतिनिधि सोशल मीडिया पर विकास की झूठी तस्वीरें डालते रहते हैं। बेल्हान टोला के लोगों ने इस बार मिट्टी और कीचड़ में उतरकर अपने विरोध को जीवंत बना दिया। नारों के साथ बैनर लेकर सड़क पर खड़े हुए ग्रामीणों ने साफ कहा अब झूठे वादों से पेट नहीं भरता, हमें पक्की सड़क चाहिए, दिखावे नहीं।

# सूने घर मे चोरो ने बोला धावा, 10 लाख सामान हुआ चोरी, परिवार वापस आया तो टूटा मिला ताला



**दैनिक रेवांचल टाइम्स शहडोल।** जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र के गोरतरा में चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। दीपक गुप्ता का परिवार जब वृंदावन की यात्रा करके सोमवार सुबह वापस लौटा, तो उन्हें अपने घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। घर के अंदर जाकर देखा तो सभी सामान बिखरा पड़ा था और कीमती सामान गायब था। पीड़ित दीपक गुप्ता ने बताया कि लगभग 10 लाख रुपये का माल चोरी हुआ है, जिसमें 46 हजार रुपये की नगद राशि भी शामिल है। इस वारदात ने स्थानीय निवासियों में भय और आक्रोश उत्पन्न कर दिया है, क्योंकि क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। घटना के तुरंत बाद थाना प्रभारी भूपेंद्र मणि पांडे अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू की। उन्होंने बताया, हम सभी आवश्यक कार्रवाई कर रहे हैं और जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं। इसके अलावा, हम स्थानीय लोगों से भी अपील करते हैं कि वे सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी पुलिस को दें। इस घटना ने न केवल पीड़ित परिवार को चिंता में डाला है, बल्कि आस-पास के अन्य निवासियों के बीच भी असुरक्षा की भावना पैदा की है। क्योंकि कोतवाली और सोहागपुर थाना क्षेत्र में आए दिन चोरी की घटनाओं ने लोगों को परेशान कर रखा है। हालांकि, पुलिस ने चोरी की बढ़ती घटनाओं पर नियंत्रण पाने के लिए ही हाल में गश्त बढ़ाई है, लेकिन घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। दो दिन पहले ही कोतवाली थाना क्षेत्र में एक घर से चोरी की बड़ी घटना सामने आई थी, जिस पर पुलिस ने चोरों को पकड़ने टीम का गठन किया था, लेकिन अब तक चोरों तक पुलिस नहीं पहुंच पाई है।

# डॉ. मुखर्जी मौलिक चिंतक, राष्ट्रवादी विचारक, भारतीय जीवन मूल्यों के संस्कारित पुजारी थे





**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस 23 जून 2025 को भाजपा कार्यालय अनूपपुर मे डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम सहित पार्टी पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों ने पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे नमन किया। भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ऐसे महानायक थे जो आजादी के पहले और बाद की विभीषिका को भांप लिया था। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने आजादी से पहले अंग्रेजों के बंगभंग करने की साजिश को भांपकर आंदोलन चला दिया था। भाजपा जिला अध्यक्ष हीरा सिंह श्याम ने कहा कि देश के लिए अपना बलिदान देने वाले ऐसे सपूत को श्रद्धांजलि देने हम यहां एकत्रित हुए हैं जिनके संकल्प से कश्मीर से धारा-370 हटी है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मौलिक चिंतक, राष्ट्रवादी विचारक, भारतीय जीवन मूल्यों के संस्कारित पुजारी थे। जिले भर में बूथ स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। हीरा सिंह श्याम ने कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन हमें संदेश देता है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है। उन्होंने अपने जीवन की आहुति देकर देश की एकता और अखंडता की रक्षा की। ऐसे राष्ट्रनायक का स्मरण करना मात्र औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्रीय चरित्र को सशक्त करने का माध्यम है। डॉ. मुखर्जी के बलिदान से भाजपा विश्व की सबसे बडी पार्टी बनी है, और भाजपा कार्यकताओं को उनके बताये मार्ग पर चलकर कार्य करना है। भाजपा जिला ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय इतिहास की एक ऐसी महान विभूति थे, जिनका जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और दृढ़ संकल्प का प्रतीक रहा है। वे केवल एक राजनीतिज्ञ ही नहीं, बल्कि एक विचारक, शिक्षाविद् और देशभक्त भी थे, जिनके संकल्प आज भी हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। आज ऐसे सपूत को श्रद्धांजलि देने हम यहां एकत्रित हुए हैं जिनके संकल्प से कश्मीर से धारा-370 हटी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने धारा 370 हटाकर पार्टी के सकल्पों को पूरा किया है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर में ह्लदो विधान, दो निशान, दो प्रधान का विरोध करते हुए वलिदान दिया। हमारी पार्टी वलिदान के आधार पर बनी पार्टी है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन हमें संदेश देता है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है।

# शासकीय विद्यालय गौरइया में युवा टीम ने मनाया विद्यालय प्रवेश उत्सव बच्चों में दिखा उत्साह

**दैनिक रेवांचल टाइम्स उमरिया।** स्कूल चले हम अभियान के तहत कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन के मार्गदर्शन पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा विकासखंड बिरसिंहपुर पाली ग्राम पंचायत गौरइया के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में विद्यालय प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य रूप से में कार्यक्रम विद्यालय प्रधान अध्यापक वीना सिंह शिक्षिका विमल स्कूल चले हम अभियान वालंटियर हिमांशु तिवारी कीउपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना के पश्चात नव प्रवेशी नन्हे बच्चों का शिक्षकों को युवा टीम उमरिया सदस्यों के द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सभी विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरण की गई।



प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यालय परिसर में देशभक्ति गीत एवं संस्कृति नृत्य का भी हुआ आयोजन। उपस्थित नवप्रवेशी बच्चों के पालकों को विद्यालय प्रधान अध्यापक बीना सिंह ने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को योजना से अवगत किया गया।विद्यालय सर्वसुविधा युक्त गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध करवाने हेतु सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है। टीम संयोजक हिमांशू तिवारी ने कहा कि प्रवेश उत्सव में छात्राओं एवं पालकों को एक नई दिशा देते हुए यह समझाया गया कि ज्ञान का अर्जन कैरियर के लिए कितना महत्व रखता है छात्राओं के लिए पढ़ाई जिंदगी में बहुत मायने रखती है क्योंकि आगे चलकर वह दो पीढि ?ं, दो परिवारों में समन्वय से शिक्षा की डगर को आगे बढ़ाती है ।ग्रामीण अंचल से पधारे माता पिता को भी पढ़ाई के लिए प्रेरित किया और वह अपने क्षेत्र में भी हमारा संदेश पहुंचाएं इसके लिए उन्हें प्रेरित किया गया छात्राओं की पढ़ाई बीच में अधूरी ना रहे वह अपने अध्यापन को पूर्ण करें।




## शिव महापुराण की कथा का अमरकंटक में होगा भव्य आयोजन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** पवित्र नगरी अमरकंटक में विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट शाखा बिलासपुर के तत्वाधान में 7 जुलाई 25 दिन सोमवार आसान शुक्ल द्वादशी अनुराधा नक्षत्र से 13 जुलाई 25 दिन रविवार श्रावण मास कृष्ण पक्ष तृतीया श्रवण नक्षत्र सात दिवसीय धार्मिक एवं आध्यात्मिक गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य एवं विशाल आयोजन मेला मैदान मैं भक्त श्रद्धालुओं द्वारा धर्म मय आयोजन किया जाना है, इस पावन पुनीत अवसर पर शिव महापुराण की कथा परम पूज्य सदगुरुदेव भगवान चिन्मयानंद बापू जी के पावन सानिध्य मे आयोजित होना है। अगाध भक्ति, अपार श्रद्धा और अविस्मरणीय आध्यात्मिक अनुभव का लाभ गुरु पूर्णिमा महोत्सव पर शिष्यों एवं भक्तों को मिलेगा । उल्लेखनीय है कि इस पावन पुनीत अवसर पर 10 जुलाई 25 दिन गुरुवार पू.षा. नक्षत्र गुरु पूर्णिमा के दिवस सदगुरुदेव भगवान की चरण पादुका पूजन एवं शिव महापुराण कथा का दिव्या एवं भव्य आयोजन संपन्न होगा । जो भी भक्त श्रद्धालुगण इस विशाल एवं भव्य आयोजन में शामिल होना चाहते हैं, वह विश्व कल्याण मिशन ट्रस्ट हरिद्वार उत्तराखंड एवं शाखा बिलासपुर से आवश्यक जानकारी लेकर संपर्क स्थापित कर सकते हैं । बताया गया है कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव के पावन शुभ अवसर पर परम पूज्य संत सदगुरु देव भगवान स्वामी चिन्मयानंद बापू के कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ मध्य प्रदेश उत्तर प्रदेश दिल्ली उत्तराखंड से हजारों की संख्या में भक्त श्रद्धालु उनके परम शिष्य शामिल होगें।

# शादी का झांसा देकर नवयुवती के साथ दुराचार का फरार आरोपी मेरठ से गिरफ्तार



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनूपपुर।** कोतवाली अनूपपुर पुलिस द्वारा 30 वर्षीय नवयुवती को शादी का झांसा देकर दुराचार के मामले में फरार चल रहे आरोपी राजेन्द्र सिहं निवासी उचेहरा थाना गोहपारू जिला शहडोल को मेरठ (उत्तरप्रदेश) से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। 13 जून 2025 को 30 वर्षीय नवयुवती द्वारा थाना कोतवाली अनूपपुर में पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसके घर के पास ही किराये के कमरे रहने वाले नवयुवक राजेन्द्र सिहं पिता रामचरण सिहं उम्र करीब 28 साल निवासी ग्राम उचेहरा थाना गोहपारू जिला शहडोल के द्वारा मित्रता की जाकर शादी का झांसा देकर करीब दो माह तक शारीरिक शोषण एवं दुराचार किया गया। नवयुवती द्वारा विवाह का कहने पर राजेंद्र सिंह किराये का घर छोड़कर अनूपपुर से भाग गया है, जो उक्त रिपोर्ट पर थाना कोतवाली अनूपपुर में अपराध क्रमांक 296/25 धारा 69 बी.एन.एस. पंजीबद्ध किया जाकर आरोपी की गृह निवासी ग्राम उचेहरा थाना गोहपारू जिला शहडोल में तलाश की गई जो अपने घर से भी फरार होना पाया गया। टी.आई. कोतवाली निरीक्षक अरविन्द जैन के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक सुरेन्द्र प्रताप सिहं, प्रधान आरक्षक महेन्द्र राठौर एवं आरक्षक अमित यादव की टीम के द्वारा दुराचार के मामले में फरार चल रहे उक्त आरोपी राजेन्द्र सिहं को मेरठ (उत्तरप्रदेश) से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी फरार होने के बाद मेरठ (उत्तर प्रदेश) के प्राइवेट फर्म में नौकरी करने लगा था।

# फरार आरोपी अरुणा मार्सकोले को पुलिस ने बालाघाट से किया गिरफ्तार



**दैनिक रेवांचल टाइम्स अनुपपुर।** जिले के थाना रामनगर पुलिस ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए स्थायी वारंटी आरोपी को मध्यप्रदेश के बालाघाट जिले से गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के निर्देशन में संपन्न की गई। प्रकरण क्रमांक 18/22 धारा 138 ठकअ्३ में न्यायालय जेएमएफसी कोतमा से स्थायी गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। उक्त वारंटी अरुणा मार्सकोले, उम्र 50 वर्ष, निवासी उकवा, थाना रूपझर, जिला बालाघाट लंबे समय से फरार चल रही थी। वारंट की तामील हेतु थाना रामनगर से एक टीम को बालाघाट रवाना किया गया। टीम ने लगातार प्रयास करते हुए स्थानीय स्तर पर जानकारी एकत्र की तथा योजनाबद्ध तरीके से दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया। इसके पश्चात विधिवत प्रक्रिया का पालन करते हुए आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा टीम को पुरस्कार देने की घोषणा की गई है ।गिरफ्तारी की इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सुमित कौशिक के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक श्याम शुक्ला, प्रधान आरक्षक सनत द्विवेदी एवं महिला आरक्षक पूजा राजपूत, संगम तोमर, विजय मरावी की प्रमुख भूमिका रही।

## संपादकीय

# ट्रंप का नोबेल दर्द

अमरीका के राष्ट्रपति ट्रंप नोबेल शांति पुरस्कार के लिए इतना क्यों छटपटा रहे हैं? क्या उनके आग्रह पर ही पाकिस्तान ने उनके नाम की सिफारिश की है? क्या यह हास्यास्पद नहीं है कि जिस देश में आदर्श लोकतंत्र नहीं है और सेना ही सरकार को हांकती है, जिस देश को आतंकवाद की पनाहगाह माना जाता रहा है, जो देश पैसा लेकर किसी भी देश के खिलाफ जेहाद करता रहा हो, जिस देश का रक्षा मंत्री कबूल करता हो कि हमने 30 साल में आतंकियों को पाला-पोसा है, उस देश ने नोबेल शांति पुरस्कार राष्ट्रपति ट्रंप को देने की सिफारिश की है? क्या राष्ट्रपति ट्रंप ने शांति, स्थिरता, मानवता, सौहार्द के लिए अमूल्य, अतुलनीय प्रयास किए हैं? यदि अमरीकी राष्ट्रपति खुद को नोबेल शांति पुरस्कार के योग्य मानते हैं, तो मध्य-पूर्व में ही, ईरान के इर्द-गिर्द, अमरीका के 16 बड़े सैन्य अड्डे क्यों हैं? करीब 60 एकड़ क्षेत्र में घातक, संहारक विमान और 51,000 से अधिक सैनिक क्यों तैनात हैं? क्या यह भी शांति के लिए बंदोबस्त किया गया है? कमोबेश अमरीका की सीमाएं वहां से काफी दूर हैं। यह अमरीका का साम्राज्यवाद ही है। बुनियादी तौर पर अमरीका हिंसक, युद्धोन्मादी, जनसंहारक देश है। राष्ट्रपति ट्रंप दावा कर रहे हैं कि उन्होंने रवांडा-कांगो के बीच समझौता करवा दिया है, जो सोमवार से प्रभावी हो जाएगा। मिस्र और इथियोपिया में शांति स्थापित कराई है। कोसोवो और सर्बिया के बीच युद्ध रुकवाया है। उन्होंने 15वीं बार यह दावा भी किया है कि भारत और पाकिस्तान के दरमियान हालिया संघर्ष को खत्म कराने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पाकिस्तान ने भी अपनी सिफारिश में लिखा है कि भारत के साथ संघर्ष में राष्ट्रपति ट्रंप का हस्तक्षेप एक वास्तविक शांतिदूत के रूप में उनकी भूमिका और बातचीत के माध्यम से संघर्ष के समाधान के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह पूरी तरह गलत प्रमाणपत्र है। भारत ने पाकिस्तान के साथ कब बातचीत की थी? सैन्य अफसरों का संवाद युद्धविराम के लिए महज औपचारिकता था। नोबेल पुरस्कार कमेटी को ऐसी छद्म और फर्जी सिफारिश करना ही अपराध है। यदि राष्ट्रपति ट्रंप वाकई शांतिदूत हैं, तो फलस्तीन के गाजा में हमले अब भी जारी क्यों हैं? वह रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त क्यों नहीं करवा पाए? यह तो ट्रंप का मुख्य चुनावी मुद्दा था। इराक, सीरिया, लीबिया, लेबनान, यमन, अफगानिस्तान आदि देशों में अमरीका की युद्धबाज के तौर पर और खुद राष्ट्रपति ट्रंप की क्या भूमिका रही है? मौजूदा इजरायल-ईरान युद्ध को ही लें। बीते 10 दिन से भीषण हमले जारी हैं। करीब 700 मौतें हो चुकी हैं। ईरान के 12 से अधिक सैन्य जनरल मार दिए गए हैं। परमाणु वैज्ञानिक भी मारे गए हैं। कितनी इमारतें और प्रतिष्ठान खंडहर कर दिए गए हैं, उनका डाटा अभी उपलब्ध नहीं है। राष्ट्रपति ट्रंप कहते हैं कि वह इजरायल को युद्ध छोड? को नहीं कहेंगे। यह कौनसा शांतिकर्म है? ट्रंप बार-बार बयान बदल रहे हैं। अमरीका युद्ध में संलिप्त भी है और राष्ट्रपति ट्रंप ने दो सप्ताह के बाद कोई फैसला लेने की बात कही है। वह दावा करते रहे हैं कि ईरान परमाणु बम बना रहा है, जबकि उनकी सरकार में राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने कहा है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम 2003 में ही बंद करा दिया गया था, लिहाजा ईरान परमाणु बम कैसे बना सकता है? ट्रंप ने उनके बयान को खारिज कर दिया, तो तुलसी को भी सफाई देनी पड़ी। यदि ट्रंप वाकई शांतिदूत हैं, तो उनका परमाणु बम से क्या लेना-देना? उनके प्रयास होने चाहिए कि युद्ध अविलंब खत्म हो, लेकिन अमरीका की नीयत के मद्देनजर रूस और चीन को चेतावनी देनी पड़ रही है कि अमरीका युद्ध में घुसने की कोशिश न करे। राष्ट्रपति ट्रंप का नोबेल पुरस्कार के लिए दर्द बार-बार बयां हो रहा है कि वह कितना, कुछ भी कर लें, लेकिन उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार नहीं मिलेगा। उनकी यह छटपटाहट इसलिए भी घनीभूत होती है, क्योंकि 2009 में तत्कालीन अमरीकी राष्ट्रपति बराक ओबामा को नोबेल शांति पुरस्कार दिया गया था। अब यह तय होना है कि ट्रंप पात्र हैं या नहीं?

# ईरान और इजरायल के तीव्र होते युद्ध से बढ़ते खतरे

ईरान और इजरायल के युद्ध के जटिलतर एवं घातक होते जाने के ही संकेत मिल रहे हैं। इजरायल चाहता है कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो और अयातुल्ला अली खामेनेई के शासन का अंत हो। हालांकि इस बात की गारंटी डोनाल्ड ट्रंप या नेतन्याहू में से कोई नहीं ले सकता कि खामेनेई को हटाने से समस्या का समाधान हो जाएगा। हिंसा, युद्ध, आतंकवाद, आर्थिक प्रतिस्पर्धा से त्रस्त दुनिया में क्या अब शांति एवं अमन की संभावनाओं पर विराम लग गया है? क्या शांतिपूर्ण नये विश्व की संरचना अब दिवास्वप्न है? रूस और यूक्रेन के लम्बे युद्ध के बाद इजराइल और ईरान का युद्ध विश्व के लिये महाविनाश की टंकार है। इस युद्ध के खतरे बढ़ते ही जा रहे हैं। अब तक के नौ दिनों के युद्ध में ईरान और इजरायल में सैकड़ों की मौत, हजारों घायल, अरबों का नुकसान, दुनिया में अनिश्चिंतता एवं भय का माहौल, तेल की बढ़ती कीमतों से महंगाई बढ़ने की आशंका ने समूची दुनिया को डरा रखा है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को गंभीर नुकसान पहुंचा है, लेकिन नष्ट नहीं किया गया है। अमेरिका और इजराइल का मानना है कि ईरान ने परमाणु बम बनाने की क्षमता हासिल कर ली है और अगर अब उसे नहीं रोका गया, तो खतरा पूरी दुनिया को होगा। इजराइल इसी खतरे को मिटाने की बात कहकर ईरान पर तीव्र से तीव्रत्तर हमले कर रहा है और ईरान भी जबावी हमलों में इजरायल में तबाही मचा रखी है। युद्ध भले ही इन दो देशों के बीच हो रहा है, लेकिन उसका प्रभाव समूची दुनिया पर हो रहा है। इस संघर्ष को रोकना आवश्यक है, भले ही अमेरिका अभी तक मैदान में नहीं उतरा और यूरोप अपनी तरफ से कोशिश कर रहा है। इस युद्ध को रोकने के लिये बातचीत ही एकमात्र रास्ता है। ईरान और इजरायल संघर्ष की वजह से दुनिया में अनिश्चिंतता एवं अस्थिरता के बादल मंडरा रहे हैं। विशेषतः तेल के दाम आसमान छूने लगे हैं।



पिछले दिनों क्रूड ऑयल के दाम में एक ही दिन में पिछले तीन साल की सबसे बड़ी तेजी देखी गयी है। दोनों देश एक-दूसरे के ऊपर मिसाइलों से हमला कर रहे हैं, परमाणु युद्ध की आशंकाएं उग्र होती जा रही है। दोनों देशों के बीच फिलहाल इस युद्ध के रुकने की कोई उम्मीद नजर नहीं आ रही है। तेल की बढ़ती कीमतों ने भारत समेत दुनियाभर के लिए संकट पैदा कर दिया है। क्रूड ऑयल की ग्लोबल डिमांड का 2 प्रतिशत ईरान से आता है। यहां के खरग द्वीप से करीब 90 प्रतिशत तेल बाहर भेजा जाता है। सैटेलाइट इमेज से पता चलता है कि क्रूड शिपमेंट में कमी आई है। पूर्ण युद्ध की स्थिति में ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर सकता है। इससे होकर दुनिया की 20 प्रतिशत नेचुरल गैस और एक तिहाई तेल ट्रांसपोर्ट होता है। यह रूट बाधित हुआ तो कच्चे तेल में 20 प्रतिशत तक उछाल आ सकता है। क्रेडिट रेटिंग एजेंसी के अनुसार इराक, सऊदी अरब, कुवैत और यूएई से आने वाला कच्चा तेल, जो होर्मुज से होकर गुजरता है, भारत के कुल कच्चे तेल के आयात का लगभग 45-50 प्रतिशत है। एक तथ्य यह भी है कि ईरान भी जानबूझकर तेल की कीमतों को आसमान छूने के लिए मजबूर करके ट्रम्प प्रशासन को अस्थिर करने की कोशिश कर सकता है और पश्चिमी देशों में मुद्रास्फीति बढ़ा सकता है। ईरान और इजरायल के युद्ध के जटिलतर एवं घातक होते जाने के ही संकेत मिल रहे हैं। इजरायल चाहता है कि ईरान में सत्ता परिवर्तन हो और अयातुल्ला अली खामेनेई के शासन का अंत हो। हालांकि इस बात की गारंटी डोनाल्ड ट्रंप या नेतन्याहू में से कोई नहीं ले सकता कि खामेनेई को हटाने से समस्या का समाधान हो जाएगा। यह कैसे कहा जा सकता है कि नई सत्ता को परमाणु ताकत बनने में कोई दिलचस्पी नहीं होगी, वह भी जब उसके पास अमेरिका और इजरायल के हिसाब से जरूरी साधन मौजूद हैं। इन हवाई हमलों से या जमीन पर सीधी लड़ाई लड़कर भले ही ईरान के इन्फ्रास्ट्रक्चर को खत्म कर दिया जाये, लेकिन ईरान के उस तकनीकी ज्ञान को कैसे खत्म किया जा सकता है, जो ईरानी वैज्ञानिकों ने बरसों की मेहनत से हासिल की है। ऐसे में विदेशी दबाव में हुआ बदलाव ईरान को और ज्यादा कट्टरता की ओर ही ले जायेगा। ऐसे में अमेरिका या इजराइल के हमलों से ईरान में आमूल-चूल परिवर्तन होना संभव प्रतीत नहीं होता। हकीकत में यह काम ईरानी जनता पर छोड़ना चाहिए, बदलाव की मांग वहां से उठनी चाहिए। ईरान के लोग भी अपनी हुकूमत के खिलाफ है, भीतर-ही-भीतर आक्रोश है, इसे आंदोलन का रूप देकर ईरान में सत्ता परिवर्तन का माहौल बनाना चाहिए। यही ईरान के लिये बेहतरी का रास्ता है, क्योंकि परमाणु हथियार बनाने की जिद्द में बहुत सारे संसाधनों को बर्बाद कर दिया है। इराक, लीबिया, सीरिया- कई उदाहरण हैं, जहां पश्चिमी ताकतों ने अपने हिसाब से बदलाव लाने के प्रयास किये, लेकिन इनमें से कहीं भी नतीजा मन-मुताबिक एवं सफल-सार्थक नहीं रहा। ये देश आज भी अस्थिर हैं। तेहरान को लेकर कोई भी दुस्साहस ईरान को भी इन्हीं मुल्कों की श्रेणी में ला सकता है। ऐसी स्थितियों में कैसे बदलाव की आशा की जा सकती है? अमेरिका हो या इजरायल, ईरान या दुनिया की अन्य महाशक्तियों उनकी तरफ से ऐसी कोई पहल होती हुई नहीं दिख रही है, जिससे लगे कि वे यह संघर्ष टालना चाहते हैं। इजराइल का कहना है कि वह ईरान की परमाणु हथियार बनाने की क्षमता को खत्म करने के लक्ष्य को हासिल होने तक युद्ध नहीं रोकेगा, लेकिन क्या ऐसा संभव है? ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची का कहना है कि कोई भी बातचीत इजराइली हमले रुकने के बाद ही होगी।

# अगर आपका संकल्प मजबूत है और कर्म सही हैं, तो आपको उसका फल अवश्य मिलेगा

जीवन में सफलता सिर्फ भाग्य से नहीं मिलती। ये मिलती है .... संकल्प की दृढ़ता और कर्म की पवित्रता से। ये पंक्ति .... .... केवल एक विचार नहीं, बल्कि शाश्वत सत्य है। यह हर उस व्यक्ति के जीवन में साबित हुआ है, जिसने संघर्ष के रास्ते को अपनाया, सच्चाई से कर्म किया और अंत तक डटा रहा। संकल्प .... सफलता का बीज Commitment यानी संकल्प वह बीज है, जिसमें जीवन की सबसे ऊंची शाखाएं छुपी होती हैं। जब आप कुछ ठान लेते हैं, तो वो सोच नहीं .... एक क्रांति बन जाती है। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने कहा थाः उनका जीवन बताता है कि जब संकल्प मजबूत होता है, तो एक मछुआरे का बेटा भी देश का राष्ट्रपति बन सकता है। स्वामी विवेकानंद ने एक बार कहा थाः यही संकल्प उन्हें शिकागो के मंच तक ले गया, जहां उन्होंने भारत की आत्मा को विश्व से परिचित कराया। सही कर्म .... वो राह जो मंज़िल तक ले जाती है Righteous actions का अर्थ है .... वो कर्म जो ईमानदारी, न्याय, और सच्चाई पर आधारित हों। महात्मा गांधी का संपूर्ण आंदोलन इसी सिद्धांत पर आधारित था। उन्होंने कहा थाः "You may never know whÔt results come from your Ôctions. But if you do nothing, there will be no result." गांधीजी ने बापू बनकर नहीं, एक साधारण नागरिक बनकर असाधारण कर्म किए .... और उसी का फल था आजादी। रवींद्रनाथ टैगोर ने ह्लगीतांजलिह्व में लिखाः सही कर्म, अंधकार में भी रोशनी को पहचानने की कला सिखाते हैं। संघर्ष और देर से मिलने वाले फल हर बीज को अंकुरित होने में समय लगता है। आप मेहनत कर रहे हैं, ईमानदार हैं, फिर भी फल नहीं मिल रहा? तो समझिए .... समय आपके लिए कुछ बड़ा संजो रहा है। नेल्सन मंडेला ने 27 साल जेल में बिताए, पर उनका संकल्प नहीं टूटा। वो कहते हैंः > "I am not a saint, unless you think of a saint as a sinner who keeps on trying." हेलेन केलर, जो देख नहीं सकती थीं, सुन नहीं सकती थीं .... उन्होंने दुनिया को दिखा दिया कि संकल्प और सही कर्म किसी भी अंधकार को हराकर रोशनी तक पहुंच सकते हैं। जैक मा को 30 से ज्यादा बार नौकरी से



**डॉ रवि पांडे जयपुर**
**लाइफ कोच, मोटिवेशनल स्पीकर**

निकाला गया, पर उन्होंने हार नहीं मानी। आज वो अलीबाबा जैसी वैश्विक कंपनी के संस्थापक हैं। भारत का दर्शन .... सत्य का पथ ही विजय की राह है हमारे संविधान का मूल वाक्य है .... ह्लसत्यमेव जयतेह्व .... सत्य की ही विजय होती है। भगवद गीता कहती हैः "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।" (आपका अधिकार सिर्फ कर्म पर है, फल पर नहीं।) लेकिन जब कर्म सही होते हैं, तो समय, ब्रह्मांड और किस्मत .... तीनों आपके पक्ष में खड़े हो जाते हैं। चलिए एक बार फिर खुद से वादा करें 1. मैं अपने सपनों के लिए संकल्पित रहूंगा। 2. मैं सच्चे और न्यायपूर्ण कर्म करूंगा। 3. मैं फल की जल्दी नहीं करूंगा, लेकिन भरोसा रखूंगा कि फल मिलेगा .... समय पर, पूरे सम्मान के साथ। अंतिम शब्द .... जब आपका संकल्प अडिग होता है और कर्म सच्चे होते हैं, तो सफलता सिर्फ एक संभावना नहीं .... एक निश्चितता बन जाती है। आज मेहनत कीजिए, कल वो मेहनत आपकी पहचान बन जाएगी।

## राशिफल

मेष :- इष्ट मित्रों से लाभ होगा, भोग ऐश्वर्य की प्राप्ति होगी तथा रुके कार्य बन जायेंगे

वृष :- अपनों से तनाव, प्रत्येक कार्य में बाधा, लाभकारी योजना हाथ से निकल जायेगी

मिथुन :- धन लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा, तथा कार्य वृत्ति में सुधार होगा, रुके कार्य बनेंगे

कर्क :- कार्य योजना फलीभूत होगी, दैनिक सफलता के कार्य संभव होंगे तथा तनाव से बचें रहे

सिंह :-इष्ट मित्रों से सुख वर्धक हो, मनोबल उत्साह वर्धक बना ही रहेगा, कार्य गति में सुधार होगो

कन्या :- आशानुकूल सफलता का हर्ष, दैनिक व्यवसाय में सुधार होगा, चिन्ता मुक्त होगे

तुला :- आर्थिक योजना सफल होगी, समय पर सोचे कार्य बने तथा किसी के धोखे से बचेंगे

वृश्चिक :- दूसरों के कार्य में भटकना पड़ेगा, समय को बचाकर चलने से लाभ अवश्य ही होगो

धनु :- दैनिक कार्य गति में सुधार , कार्य योजना फलीभूत होगी, कार्य का ध्यान रखे

मकर :- किसी का कार्य बनने से संतोष, चिन्ता निवृत्ति व्यावसायिक स्थिति में सुधार अवश्य होगो

कुम्भ :- स्त्री शरीर कष्ट, मानसिक बैचेनी, उदर विकार, विद्या बाधा, कार्य बाधा अवश्य ही होगी

मीन :- भाग्य का सितारा प्रबल होगा, बिगड़े कार्य बनेंगे, मित्रों का सहयोग अवश्य मिलेगो

# भीड़ से दूर बेहद शांत है उत्तराखंड का ये हिल स्टेशन, जन्नत में आने का होगा एहसास

**कुछ लोग ऋषिकेश-नैनीताल नहीं जाना चाहते हैं, क्योंकि इन जगहों पर समर वेकेशन में यहां पर पर्यटकों की अधिक भीड़ आती है। इसलिए अगर आप किसी ऐसी जगह की तलाश कर रहे हैं, जो नैनीताल और ऋषिकेश से भी अधिक सुंदर हो।**



समर वेकेशन में हजारों लोग घूमने-फिरने के लिए निकल गए हैं। तो वहीं कुछ लोग ऐसे भी हैं, जिन्होंने अभी तक कोई ट्रिप प्लान नहीं कर पाए हैं। वह किसी पहाड़ी जगह पर घूमने जाना चाहते हैं, लेकिन लोकेशन नहीं ढूंढ पा रहे हैं। वहीं कुछ लोग ऋषिकेश-नैनीताल नहीं जाना चाहते हैं, क्योंकि इन जगहों पर समर वेकेशन में यहां पर पर्यटकों की अधिक भीड़ आती है। इसलिए अगर आप किसी ऐसी जगह की तलाश कर रहे हैं, जो नैनीताल और ऋषिकेश से भी अधिक सुंदर हो। तो आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको उत्तराखंड की एक सबसे खूबसूरत जगह के बारे में बताने जा रहे हैं।

## मुनस्यारी

अगर आप भी दिल्ली की गर्मी से परेशान होकर अपने परिवार के साथ उत्तराखंड में अच्छी जगह ढूंढ रहे हैं। तो फौरन आपको मुनस्यारी का ट्रिप प्लान करें। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, ट्रेकिंग और ऊंचे पहाड़ों के लिए जाना जाता है। मुनस्यारी में गर्मियों में आपको अधिक भीड़ नहीं मिलने वाली है। क्योंकि मुनस्यारी काफी ऊंचाई पर स्थित है। नैनीताल से मुनस्यारी पहुंचने में आपको करीब 11 से 12 घंटे का समय लगता है। वहीं ऋषिकेश से भी यहां तक पहुंचने में करीब इतना ही समय लगेगा। यह मसूरी के पास घूमने के लिहाज से काफी अच्छी जगह है।

## ऐसे पहुंचे मुनस्यारी

अगर आप दिल्ली से यात्रा करने का प्लान बना रहे हैं, तो बस से यात्रा करने के लिए अच्छा है। हालांकि इसमें ज्यादा समय लग सकता है। अगर आप चाहें तो दिल्ली से देहरादून के लिए ट्रेन ले सकते हैं। फिर मुनस्यारी के लिए बस ले सकते हैं। इसके साथ ही मुनस्यारी के लिए कैब की सुविधा भी मौजूद है। लेकिन इसमें खर्च ज्यादा होता है। वहीं अगर आप बजट में यात्रा करने का प्लान बना रहे हैं, तो बस से यात्रा करें। आने-जाने में असुविधा न हो इसके लिए पहले से बस की बुकिंग कर लें। क्योंकि अधिक भीड़ होने पर आपको बस में सीट मिलने में मुश्किल हो सकती है। दिल्ली से मुनस्यारी की दूरी करीब 604 किमी है। यहां पर पहुंचने में आपको 13-14 घंटे का समय लग सकता है। प्रयास करें कि आप रात में बस ले लें। जिससे कि सुबह मुनस्यारी में ही आंख खोलें। इससे आपका सफर आराम से सोकर बीतेगा। मुनस्यारी परिवार के साथ घूमने के लिहाज से काफी अच्छी जगह है।

# टाटा मोटर्स ने लॉन्च किया ऐस प्रो : भारत का सबसे किफायती 4-व्हील मिनी ट्रक



जबलपुर, रेवांचल टाईम्स। भारत की सबसे बड़ी वाणिज्यिक वाहन निमार्ता कंपनी, टाटा मोटर्स ने ऑल-न्यू टाटा ऐस प्रो को लॉन्च कर कार्गो मोबिलिटी के क्षेत्र में नई उपलब्धि हासिल की है। इस लॉन्च के साथ कंपनी ने छोटे कार्गो परिवहन में एक नए युग का आगाज किया है। केवल 3.99 लाख की शुरूआती कीमत के साथ, टाटा ऐस प्रो भारत का सबसे किफायती फोर-व्हील मिनी ट्रक है, जो असाधारण दक्षता, शानदार लचीलापन और उत्कृष्ट मूल्य प्रदान करता है। नए उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया, टाटा ऐस प्रो पेट्रोल, बाय-फ्यूल (सीएनजी + पेट्रोल), और इलेक्ट्रिक वैरिएंट्स में उपलब्ध है। यह ग्राहकों को उनकी व्यावसायिक आवश्यकताओं के लिए आदर्श समाधान चुनने की सुविधा देता है। ग्राहक टाटा मोटर्स के देशभर में फैले 1250 वाणिज्यिक वाहन बिक्री केंद्रों या टाटा मोटर्स के ऑनलाइन सेल्स प्लेटफॉर्म, फ्लीट वर्स पर अपने पसंदीदा ऐस प्रो वैरिएंट को बुक कर सकते हैं। टाटा ऐस प्रो के स्वामित्व को सुविधाजनक बनाने के लिए, टाटा मोटर्स ने प्रमुख बैंकों और एनबीएफसी के साथ साझेदारी की है ताकि लोन की फौरन स्वीकृति, लचीले ईएमआई विकल्प और बेहतर वित्तीय सहायता सहित परेशानी मुक्त फाइनेंसिंग समाधान प्रदान किए जा सकें। यह अलग-अलग तरह के ग्राहकों की आवश्यकताओं को पूरा करते हैं। ऐस प्रो के लॉन्च पर, टाटा मोटर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, श्री गिरीश वाघ ने कहा, ह्लटाटा ऐस के लॉन्च ने भारत में कार्गो परिवहन में तहलका मचा दिया था।

# मक्के में टोरी सुपर के फायदों को मध्य प्रदेश के किसानों तक पहुचानें के लिए अपना रहा है एक अनोखा तरीका

जबलपुर, रेवांचल टाईम्स। एग्रोकेमिकल इंडस्ट्री की अग्रणी कंपनी इनसेक्टिसाइड्स (इंडिया) लिमिटेड ने मक्का की खेती करने वाले किसानों के लिए खरपतवारना-रु39याक टोरी सुपर को मध्य प्रदेश के हर एक किसान तक पहुंचाने के लिए एक अनोखा तरीका अपनाया है। दरअसल कंपनी ने एक जादूगर कार्यक्रम के जरिए इस उत्पाद के प्रति किसानों को जागरूक करने का काम किया है जहां आसान भा-ुनवजयाा में सरल मनोरंजक तरीके से टोरी सुपर के फायदों को किसानों तक पंहुचाया जा रहा है। इस जागरूकता अभियान के तहत आईआईएल मक्का उत्पादक बहुल क्षेत्र में किसानों को इकठ्ठा करके एक कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिसमें पहले जादूगर जादू के खेल दिखाता है और फिर टोरी सुपर का मक्के के खेत में जादूई असर सम-हजयाता है। जादूगर लोगों को एक रस्सी के माध्यम से सम-हजयाता है कि कैसे खरपतवार फसल की



उपज को घटा देते हैं और खरपतवार ना होने से फसल स्वस्थ रहती है और पैदावार भी ब-सज जाती है। जादूगर अपने अंदाज में किसानों को बताता है कि कैसे समय पर टोरी सुपर के उपयोग से फसल की पैदावार को ब-सज ?ाया जा सकता है और मुनाफा प्राप्त किया जा सकता है। यह अनोखे पहल टोरी सुपर को ज्यादा से ज्यादा किसानों तक पहुंचाने में कारगर साबित होगी। इससे कंपनी और किसानों दोनों को लाभ होगा। किसानों की भी अच्छी प्रतिक्रिया मिल रही है और हमें पूर्ण उम्मीद है कि इस आक-ुनवजर्याक तरीके से हम ज्यादा से ज्यादा किसानों तक सही जानकारी को पंहुचा कर उन्हें लाभान्वित करने के अपने लक्ष्य में कामयाब होंगे। आईआईएल के प्रबंध निदे-रु39याक श्री राजे-रु39या अग्रवाल ने इस प्रचार प्रक्रिया के बारे में बताते हुए कहा, ह्यह्यहमारा उद्दे-रु39यय है हर एक मक्का किसानों तक यह उत्पाद पहुंचे और हर एक किसान इस उत्पाद के उपयोग से भली भांति परिचित हो। यही कारण है कि जादूगर कार्यक्रम के जरिए जगह जगह पर कार्यक्रम आयोजित कर-के किसानों को टोरी सुपर के बारे में जागरूक किया जा रहा है।

# एसीसी केमोर में अदाणी फाउंडेशन ने खरखरी के किसानों को जल-कुशल सिंचाई तकनीकों से सशक्त बनाया


**जबलपुर, रेवांचल टाईम्स।** विविधीकृत अदाणी पोर्टफोलियो की सीमेंट और निर्माण सामग्री कंपनी एसीसी, अदाणी फाउंडेशन के सहयोग से कटनी के पास खरखरी में कृषि पद्धतियों में बदलाव ला रही है। घटते भूजल स्तर और अप्रत्याशित वर्षा के कारण स्थानीय किसानों के लिए चुनौतियां उत्पन्न होने के कारण, इस पहल ने उन्नत स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली की शुरूआत की, जिससे जल दक्षता सुनिश्चित हुई, बिजली की खपत कम हुई और कृषि उपज में सुधार हुआ। रामजी पटेल जैसे किसानों के लिए पारंपरिक बाढ़ सिंचाई से आधुनिक स्प्रिंकलर प्रणाली में बदलाव जीवन बदलने वाला रहा है। एएफ-डब्ल्यूसीआई परियोजना के माध्यम से पंजीकृत होकर, उन्होंने 27,457 रुपये के साथ स्प्रिंकलर सिस्टम। सरकार और परियोजना सब्सिडी के माध्यम से 13,728 रुपये का बीमा कराया गया, जिससे उनका वित्तीय बोझ काफी कम हो गया। नई प्रणाली से सिंचाई का समय 8-9 घंटे से घटकर मात्र 4 घंटे रह गया है, जिससे पानी की बचत हुई है और बिजली का खर्च कम हुआ है - जिससे न केवल सुविधा मिली है, बल्कि एक टिकाऊ रास्ता भी मिला है। पटेल की सफलता ने उनके गांव में कई लोगों को इस कुशल सिंचाई पद्धति को अपनाने के लिए प्रेरित किया है, जो टिकाऊ खेती की ओर बदलाव का संकेत है। एसीसी और अदाणी फाउंडेशन ऐसी पहलों के माध्यम से ग्रामीण समुदायों को इनोवेटिव समाधानों से सशक्त बनाना जारी रखते हैं, तथा सतत विकास और जल संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत करते हैं।

### ग्राम पंचायत पिंडरई में करोड़ों फूंकने के बाद भी बूंद-बूंद पानी को तरह रहे ग्रामवासी

# कलेक्टर का जनसंवाद कार्यक्रम बन गया मजाक

## आधा-अधूरा काम, पूरा भुगतान लेकर भागा ठेकेदार, जनसुनवाई में ग्रामीणों ने कलेक्टर को सुनाई थी पीड़ा, फिर भी नहीं हुआ निराकरण




प्रति,
श्रीमान कलेक्टर महोदय
जिला कार्यालय कटनी म०प्र०
आवेदक— भुनेश्वर पुरी गोस्वामी पिता स्व० गनेश पुरी गोस्वामी निवासी ग्राम पिंडरई तह० ढीमरखेड़ा जिला कटनी म०प्र०
विषय— नल-जल योजना के नाम पर हुये भ्रष्टाचार की जांच व कार्यवाही कराये जाने विषयक।
महोदय,
मैं आवेदक निम्न विषय प्रस्तुत करता हूं—
यह कि शासन द्वारा पूर्व में घर-घर नल-जल योजना का [illegible] किया गया था। जिसके तहत प्रदेश के हर-घर में नल लगाकर पानी पहुंचाने की एक सफल योजना तैयार की गई थी। किंतु ग्राम पिंडरई तह० ढीमरखेड़ा जिला कटनी में शासन द्वारा पारित योजना "नल-जल योजना" में ठेकेदार व संबंधित अधिकारियों द्वारा भ्रष्टाचारी तथा लीपा-पोती करते हुये शासन से नल-जल योजना के अंतर्गत टंकी निर्माण हेतु लगभग 1.36 करोड़ रुपये सेंक्शन कराया गया था। जो कि ग्रामहित में हर-घर जल पहुंचाने के लिये था।
यह कि ठेकेदारों व विभाग के संबंधित अधिकारियों की मिलीभगत से नल-जल योजना के अंतर्गत पुनः नई लाईन न बिछाते हुये पूर्व से जर्जर पड़ी लाईनों में ही मरम्मत कार्य कराकर नल-जल योजना चालू की गई जो कि कुछ समय में ही बेकार हो गई। जगह-जगह पर जाम, व टूटे पाईपों के कारण समस्यायें उत्पन्न

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, ढीमरखेड़ा।** आजादी के इतने वर्ष बाद भी जब ग्रामीण अंचलों में पानी जैसी बुनियादी आवश्यकता को पूरा करने वाली योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाएं तो प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठना स्वाभाविक है। ग्राम पंचायत पिड़रई की नल जल योजना इसका जीवंत उदाहरण है। इस योजना पर शासन द्वारा एक करोड़ 36 लाख रुपये की भारी भरकम राशि व्यय की गई, परंतु स्थिति यह है कि ग्रामवासी आज भी एक-एक बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। यह योजना ग्रामीणों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई थी। लेकिन जमीनी हकीकत बिल्कुल विपरीत है। गांव के हर गली, हर मोहल्ले में पाइप लाइन बिछाने का दावा किया गया, परंतु पाइप लाइनें कई स्थानों पर पूरी तरह से टूटी पड़ी हैं। कहीं-कहीं पाइपें जमीन से बाहर निकली हैं तो कहीं-कहीं कनेक्शन ही नहीं दिया गया। जिन घरों में कनेक्शन है भी, वहां नलों में पानी नहीं आता। ग्रामीणों को मजबूरी में दूर-दराज के हैंडपंपों से पानी लाना पड़ रहा है । ग्रामवासियों का आरोप है कि इस योजना के क्रियान्वयन में जबरदस्त लीपापोती की गई है। घटिया सामग्री का उपयोग कर पाइप लाइन बिछाई गई जिससे कुछ ही महीनों में पाइप फटने लगे। साफ है कि ठेकेदार और जिम्मेदार अधिकारी मिलीभगत कर इस योजना में जमकर भ्रष्टाचार किया। गुणवत्ता की अनदेखी कर सरकारी धन की बंदरबांट कर दी गई। हैरानी की बात यह है कि इस पूरे घोटाले की जानकारी ग्राम पंचायत के कई सदस्यों ने जनसुनवाई में कलेक्टर को दी थी। लेकिन प्रशासन ने मात्र औपचारिकता निभाते हुए जांच का आदेश दिया। जांच के नाम पर कागजी खानापूर्ति कर दी गई। न दोषियों पर कार्रवाई हुई, न योजना की खामियों को सुधारा गया। कलेक्टर जनसुनवाई की इस प्रक्रिया ने ग्रामीणों का विश्वास तोड़ दिया है। लोगों का कहना है कि वे बार-बार आवेदन देते रहे, जनसुनवाई में अपनी बात रखते रहे, परंतु कोई सुनवाई नहीं हुई।

### हाथ में हाथ रखे बैठे विभाग के अधिकारी

पिंडरई ग्राम के ग्रामवासियों के द्वारा कलेक्टर जनसुनवाई कार्यक्रम में इस समस्या को अवगत कर बताया था कि शासन के द्वारा घर-घर पानी पहुंचाने के उद्देश्य से गांव में नल जल योजना के तहत एक करोड़ 36 लाख रुपये स्वीकृत किये गये थे जिसमें ठेकेदार के द्वारा आधा-अधूरा कार्य करके खानापूर्ति कर ली गई और उसकी द्वारा पूर्ण कार्य कराये ही संपूर्ण राशि आहरित कर ली गई। हालांकि इस काम में ठेकेदार बस दोषी नहीं है बल्कि विभाग के कुछ मठाधीन अधिकारी भी जो लंबे समय से एक ही स्थान पर जमे हुये है। प्रशासन की यह उदासीनता दशार्ती है कि जनसुनवाई अब महज दिखावा बन कर रह गई है। गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि पहले भी ऐसी योजनाएं आईं जिनमें लाखों रुपये खर्च हुए, पर जनता को कोई लाभ नहीं मिला। नल जल योजना से गांव के हर घर तक जल पहुँचाने का सपना आज भी अधूरा है। ग्रामीणों ने कई बार जिला पंचायत, जनपद पंचायत और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में शिकायतें कीं, परंतु कहीं से कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला।

योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता नहीं रही। टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोप भी लगे। आरोप है कि ठेकेदार ने रिश्वत देकर काम लिया और बाद में मनमाने तरीके से काम किया। पंचायत के कुछ जिम्मेदार लोग भी इस मिलीभगत में शामिल बताए जा रहे हैं। सरकारी धन का दुरुपयोग कर योजना को अधूरा छोड़ दिया गया। नल जल योजना के तहत गांव में एक उच्च स्तरीय टंकी का निर्माण हुआ लेकिन गुणवत्ताहीन टंकी का किया गया निर्माण। पंप हाउस भी अधूरे पड़े हैं। बिजली कनेक्शन के नाम पर सिर्फ खंभे लगा दिए गए हैं, लेकिन मोटरें नहीं लगाई गईं। कुछ जगह तो पाइप ही नहीं बिछाए गए। परिणामस्वरूप पानी सप्लाई की पूरी व्यवस्था ध्वस्त है। पानी की गंभीर समस्या के कारण गांव में कई बार झगड़े भी हो चुके हैं। महिलाएं दूर-दराज से पानी लाने को मजबूर हैं। बच्चों की पढ़ाई पर असर पड़ा है। किसान भी सिंचाई के लिए पानी के अभाव में परेशान हैं।जनप्रतिनिधियों की भूमिका भी संदेह के घेरे में है। सरपंच, सचिव और अन्य जिम्मेदार अधिकारियों ने आंखें मूंद ली हैं। ठेकेदार का नाम, भुगतान की राशि, सामग्री की गुणवत्ता जैसी जानकारी छिपाई गई। कलेक्टर जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने जब इस घोटाले की शिकायत की तो आश्वासन मिला कि जल्द जांच कर कार्रवाई होगी। पर कई महीने बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों की मांग है कि योजना की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।

दोषी ठेकेदार व अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो। योजना को पूर्ण कर हर घर तक शुद्ध जल उपलब्ध कराया जाए। साथ ही भविष्य में इस प्रकार की गड़बड़ी रोकने के लिए पारदर्शी व्यवस्था बनाई जाए। पिड़रई जैसे अनेक गांवों में नल जल योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही हैं। शासन को चाहिए कि वह इस दिशा में गंभीर कदम उठाए। जनसुनवाई की प्रक्रिया को प्रभावी बनाया जाए। लोगों की समस्याओं का समय पर निराकरण हो। भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। तभी ग्रामीण अंचलों की तस्वीर बदलेगी। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि करोड़ों खर्च होने के बावजूद जनता आज भी पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रही है। यदि समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया तो ग्रामीणों का प्रशासन पर से विश्वास उठ जाएगा। उनकी उम्मीदें टूट जाएंगी। जरूरत है कि शासन, प्रशासन, पंचायत व जनता मिलकर इस समस्या का हल निकालें। जिम्मेदार लोगों को सजा मिले ताकि भविष्य में कोई योजना भ्रष्टाचार की भेंट न चढ़े। तभी सच्चे अर्थों में 'हर घर जल' का सपना साकार होगा।

# खुशियों की दास्तां: झिंझरी के मनमोहन के दिव्यांग पेंशन संबंधी प्रकरण पर त्वरित हुई कार्यवाही



**कटनी ।** नगर पालिक निगम कटनी कार्यालय में सोमवार को कटनी के झिंझरी निवासी मनमोहन सिंह बागरी उम्र 35 वर्ष का दिव्यांग पेंशन का फार्म भरवाया जाकर तत्काल ही उन्हे दिव्यांग पेंशन का लाभ प्रदान किया गया। दरअसल, कटनी झिंझरी के दद्दा धाम कर्मचारी आवास कालोनी में रहने वाले श्री बसंत कुमार बागरी अपने 35 वर्षीय पुत्र मनमोहन सिंह के साथ नगर निगम के कार्यालय पुत्र को दिव्यांग पेंशन का लाभ दिलाने पहुंचे थे। जहां उन्होंने आर्थिक स्थिति भी अच्छी नहीं होनें संबंधी जानकारी देते हुए पुत्र मनमोहन के दाहिने हाथ एवं पैर से दिव्यांग होने संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत कर पुत्र को दिव्यांग पेंशन से लाभान्वित करने हेतु अन्य आवश्यक दस्तावेजों की पात्रता के संबंध में जानकारी चाही गई। मनमोहन के दिव्यांगता संबंधी प्रकरण को त्वरित संज्ञान लेते हुए अधिकारियों द्वारा तत्काल ही दिव्यांग पेंशन से लाभान्वित करने हेतु सामाजिक सुरक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा आवेदन प्रदान करते हुए आवश्यक दस्तावेज संल्गन कराकर सभी औपचारिकताएं पूरी की और उनका दिव्यांग पेंशन का आवेदन जमा कराते हुए आगामी माह से उनके खाते में 600 रुपये प्रतिमाह दिव्यांग पेंशन की राशि आने की जानकारी दी। दिव्यांग पेंशन प्राप्त करने हेतु त्वरित कार्रवाई करने और शीघ्रता से आवेदन भरवाकर जमा कराने से श्री मनमोहन सिंह बागरी ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव सहित जिला एवं नगर निगम प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# सिलौंडी मंडल में पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान दिवस मनाया

**दैनिक रेवांचल टाईम्स, ढीमरखेड़ा।** सिलौंडी मंडल के प्रत्येक बूथ में मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी के नेतृत्व में मंडल पदाधिकारियों ,बूथ अध्यक्ष और समस्त कार्यकर्ता की मौजदूगी में पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई । ग्राम नेगाई में मंडल अध्यक्ष मनीष सिंह बागरी ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि की। नेगाई में मंडल मंडल अध्यक्ष और कार्यालय मंत्री विनोद राय ने एक पेड़ मां के नाम पर लगाया। सिलौंडी में उपसरपंच राहुल राय,पंच राजेश राय, बूथ अध्यक्ष गोपी मिश्रा,बूथ अध्यक्ष बैजू दहिया ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी को श्रद्धांजलि दी। मंडल के कछार गांव , दशरमन,हरदुआ ,संतुरा , सुनारखेडा सहित सभी बूथ में कार्यकर्ता ने बलिदान दिवस मनाया।

# धोखाधड़ी कर बेच दी मेरे मृत पूर्वजों की जमीन



**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी।** मृत व्यक्ति की जमीन को छल कपट करते हुए बेचे जाने के बाद मृतक की पोती ने गत दिवस पुलिस अधीक्षक कार्यालय में लिखित शिकायत करते हुए उसके दादा की जमीन को विक्रय करने वालों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। यह मामला विजयराघौगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम झिरिया प.ह.न. 29 रा.नि.म. विजयराघवगढ तहसील विजयराघवगढ जिला कटनी स्थित भूमि खसरा न. 554 का है। पुलिस अधीक्षक कटनी से लिखित शिकायत करते हुए केसर बाई पति अघानू भूमिया उम्र 62 साल निवासी ग्राम धनेडी कला तहसील मैहर जिला मैहर ने कहा की उसके दादा के नाम पर दर्ज जमीन को मंगल कोल आत्मज धुनकी कोल आयु लगभग 45 साल निवासी गाताखेडा तहसील व जिला कटनी म.प्र., एवं ग्राम सलैया (बडगैया) पो. गौरहा तहसील विजयराघवगढ जिला कटनी निवासी नरेश बल्द बाबूलाल भुमिया आयु लगभग 60 वर्ष, अकाली बल्द मंगल भुमिया आयु लगभग 62 वर्ष, रामकिंकर बल्द रिटुवा भुमिया आयु लगभग 61 वर्ष, फंदू बल्द चरका भुमिया उम्र लगभग 56 वर्ष और रोहित बल्द सुघराती भुमिया उम्र 58 वर्ष ने छल कपट करते हुए बेच दिया। शिकायती पत्र के माध्यम से उसने कहा कि एक राय होकर मेरे मृत दादा गुलमा पिता झल्ला भुमिया की जमीन ग्राम झिरिया प.ह.न. 29 रा.नि.म. विजयराघवगढ तहसील विजयराघवगढ जिला कटनी स्थित भूमि खसरा न. 554 रकवा 0.99 है। उक्त कृषि भूमि मेरे दादा गुलमा पिता झल्ला भुमिया (मृत) के सहस्वामित्व की भूमि है। मेरे दादा की मृत्यु 07/09/1074 को हो चुकी है। उक्त भूमि पर दादा गुलमा के स्थान पर फौती दर्ज होने के पूर्व ही मेरे पिता मुन्ना आदिवासी की भी मृत्यु लगभग 10-12 वर्ष पूर्व हो चुकी है।

# अवैध मादक पदार्थ एम.डी. पाउडर के तस्कर को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार



**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता अवैध रूप से मादक पदार्थों का विक्रय करने वालों विरूद्ध न केवल सख्त है, अपित प्रभावी कार्यवाही हेतु आदेशित किया गया है जो ए.एस.पी महोदय सिवनी जी.डी. शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक पूजा पांडे सिवनी के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना प्रभारी किशोर वामनकर के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित कर अवैध मादक पदार्थ विक्रय करने वालों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही हैं ।इसी क्रम में दिनांक 21/06/25 को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि पालिटेक्निक ग्राउंड हास्टल के पीछे खण्डर के पास एक व्यक्ति अपनी स्कूटी में अवैध मादक पदार्थ एम.डी. पाउडर बेचने की फिराक में खड़ा है तथा ग्राहक का इंतजार कर रहा है जिसकी धरपकड हेतु तत्काल थाना स्तर पर टीम गठित कर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई जो लोनिया रोड भैरोगंज निवासी विशाल उर्फ काला विश्वकर्मा पिता रामकुमार विश्वकर्मा अपने पास एक प्लास्टिक की पन्नी में सफेद रंग का अवैध मादक पदार्थ एम.डी. पाउडर 3.99 ग्राम एवं नकदी 750 रुपए लिए मिलने पर आरोपी विशाल को मौके पर गिरफ्तार किया जाकर थाना कोतवाली में धारा 8/22 एन.डी.पी.एस एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है ।उल्लेखनीय है कि आरोपी विशाल के विरूद्ध थाना कोतवाली में पूर्व में एन.डी.पी.एस जुआ, सट्टा के मामले पंजीबद्ध है ।कुल मसरूका:-मादक पदार्थ 3.99 ग्राम कीमती करीबन 40,000 रुपए नकदी 750 रुपए, एक सुजुकी एक्सेस स्कूटी क्रमांक एम.पी 28 एस.एस 9111 कीमती करीबन 50,000 रुपए एक एप्पल कंपनी का मोबाईल फोन कीमती करीबन 50,000 रुपए, सराहनीय कार्य: थाना प्रभारी किशोर वामनकर, उनि डी. आर शरणागत, उनि राहुल काकोडिया, उनि देवेन्द्र उइके, सउनि रामअवतार डहेरिया, प्रजार योगेश राजपूत मनोज पाल, आरक्षक अमित रघुवंशी, विक्रम देशमुख, शिवम बघेल, प्रतीक बघेल, अजेन्द्र पाल, प्रदीप चौधरी, अजय धुर्वे, सुधीर डहेरिया, सिद्वार्थ दुबे, म.आर दीपाली बघेल ।

### ग्रामीण की शिकायत के बाद खारीडीह पहुंचा जांच दल

# ग्राम पंचायत खारीडीह सरपंच-सचिव ने सगे संबंधियों को ठेकेदार बनाकर लाखों रुपए का किया भ्रष्टाचार

### दस्तावेज नहीं मिलने पर लगभग तीन वर्षों से जांच प्रक्रिया अटकी
### दबंग सरपंच-सचिव के डर से नहीं खुलता कोई अपना मुंह





**दैनिक रेवांचल टाइम्स डिंडोरी।** मध्य प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य जिले डिंडोरी मनरेगा योजना के नियम कायदो को ताक पर रख दिया गया है हैरान कर देने वाली बात यहां है कि पंचायत में सरपंच सचिव और पंच के सगे रिश्तेदार ठेकेदार बन बैठे हैं और अपना धड़ल्ले से बिल लगाकर बड़ी आसानी से राशि का आहरण कर लिया जाता है बिना काम के पंचायतों में यही हो रहा साहब, जिनकी जैसी मर्जी वैसा रूपया बटोर रहा है सरपंची हाथ क्या आई साहब ने अपने भतीजे तमाम रिश्तेदारों को मनरेगा योजनाओं का भरपूर लाभ दे डाला और ठेकेदार भी बना दिया गया और जीएसटी बिल लगाकर सारा रूपया बटोर कर तिजोरी में डाल दिया डिंडोरी जिले की जनपद पंचायत करंजिया विकासखंड की ग्राम पंचायत खारीडीह मैं कुछ यही कारनामा डंके की चोट पर हो रहा है और सारी अधिकारी मुंह में नोटों की गड्डियां ठूंसकर धृतराष्ट्र बन चुके हैं तो वही सरकारी खजाने को व्यवस्था के डाकू दोनों हाथों से लूटने में लगे हुए हैं रासूखदारो सरपंच,जनपद सदस्य के सगे संबंधियों के द्वारा ठेकेदारी कर लगातार मां दुर्गा ट्रेडर्स , राजेंद्र ट्रेडर्स,फर्जी बिलों लगाकर राशि का आहरण किया गया जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने 26,5, 2022 को जिला पंचायत में लिखित आवेदन देकर की थी जिसको लेकर जिला पंचायत ने टीम भी गठित की थी जांच अधिकारी सहायक यंत्री से सैयाम ने बताया कि जो भी शिकायत प्राप्त हुई है उनके दस्तावेज नहीं मिले पाए हैं और दस्तावेजों के दो दिवस का समय दिया गया है अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही की जाएगी लेकिन लगभग 3 वर्ष बीतने को आए हैं ना तो कार्यवाही हुई है और ना ही जांच पूरी हुई ग्रामीणों को अभी तक नहीं मिला न्याय जांच दल में एपीओ अशोक कूड़ापे एई एस एस सैयाम पीसीओ सनत धुर्वे शामिल रहे लगता है इन्होंने भी दस्तावेज न मिलने का बहाना करते हुए अपना पल्ला बड़ी आसानी से झाड़ लिया बुधवार को साप्ताहिक बाजार का दिन होने के कारण ग्राम पंचायत के लोग एकत्रित भी नहीं हो पाए थे इसलिए 3 दिन बाद यहां प्रक्रिया फिर से होगी जांच दल ने स्टाफडेम सहित सामुदायिक भवन की भी जांच की और उसी हालत में ठीक नहीं मिली बहरहाल जांच प्रक्रिया कुछ दिनों के लिए टल गई और आगामी दिवसों में पुनः जांच की जाएगी कहकर जांच टीम ने भी अपना पल्ला झाड़ लिया और अब लगभग 3 वर्ष बीत गए जांच के नाम पर ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार गबन और मनमानी नियमों को ताक पर रखकर हितग्राही मलक योजना में जमकर लूट मची हुई है गरीब पिछड़े लोगों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने वाली महात्मागांधी रोजगार गारंटी योजना है परंतु इसका सही क्रियावन नहीं हो पा रहा है मनरेगा योजना के अंतर्गत गरीब बेरोजगार लोगों को कार्य मिल पा रहा है या नहीं यह देखने वाला कोई जिम्मेदार नहीं है मनरेगा योजना में खुलेआम भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

### क्या कहता है पंचायती राज अधिनियम

पंचायती राज अधिनियम के तहत कोई भी जनप्रतिनिधि अपने सगे संबंधी उनको हितग्राही मूलक एवं रोजगार मूलक की योजना का लाभ नहीं ले सकता है वही ग्राम पंचायत खारीडीह पूर्व सरपंच मधुबन धुर्वे द्वारा अपने भतीजे को ठेकेदार बनाकर धड़ल्ले से बिल लगाकर राशि का किया था आहरण रोजगार सहायक सचिव के भाई का भी ठेकेदारी में जमकर बोल वाला पंचायती राज अधिनियम की धड़ल्ले से उड़ा रहे धजिया अब देखना है यहां होगा कि उच्च अधिकारियों द्वारा कार्यवाही की जाती है या कार्यवाही के नाम पर पकड़ा जाता है झुनझुना यहां तो अपने आप में एक अहम सवाल है, ¢ff JfSX LfZ IY ¶fQ Aff ,f0 qfZe 2f f0Y4f0.... bQ fPXZA¦f½e JfSXA¦f½ZA0Y fSX

### जनता की मांग, हो उच्च स्तरीय जांच और दोषियों पर ठोस कार्यवाही

वहीं स्थानीय ग्राम वासियों की मांग है दबी आवाज में मांग है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए और दोषियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 धोखाधड़ी धारा 409 सरकारी राशि में गबन सहित मनरेगा अधिनियम के तहत सख्त कार्यवाही हो एक और सरकार ग्रामीणों को रोजगार देकर आत्मनिर्भर बनना चाहती है वहीं दूसरी और पंचायत बैठे जिम्मेदार लोग सरकारी योजनाओं में घोटाला कर अपने स्वार्थ की रोटियां सेक रहे हैं ऐसे में शासन को जल्द हस्तक्षेप कर पारदर्शी कार्यवाही करनी चाहिए ताकि योजनाओं का लाभ असली हकदारों तक पहुंच सके और स्थानीय गरीब और मजदूर का पलायन रुक सके पूर्व सरपंच वर्तमान जनपद सदस्य ,सचिव रोजगार सहायक पर ग्रामीणों की गंभीर आरोप सूत्र यहां भी कहते हैं कि उच्च अधिकारियों को शिकायत करने पर धमकियां भी मिलती है नाम न छापने की शर्त पर यहां बताया गया कि भाई साहब आपको भी खबर छाप रहे हैं आप को भी धमकियां मिलेगी हम ग्रामीणों की आवाज तो धमकियां देकर दबा दी जाती हैं



# एन.क्यू.ए.एस. नेशनल असेसमेंट के अन्तर्गत सिवनी को मिला प्रथम पुरस्कार

**दैनिक रेवांचल टाइम्स सिवनी** - मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जयपाल सिंह ठाकुर ने बताया कि एन.क्यू.ए.एस. नेशनल असेसमेंट में जिला-सिवनी प्रथम भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), भोपाल के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम एन.क्यू.ए.एस. (NQAS - National Quality Assurance Standard) के नेशनल असेसमेंट में जिला सिवनी ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है । जिला सिवनी के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बांडोल से डॉ संदीप सनोडीया, सुनवारा से डॉ जगन्नाथ सर्वे एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर लोपा में पदस्थ सी एच ओ अनुराधा कटरे ,ए एन एम पुष्पा भलावी ने सात अनिवार्य सेवाएं प्रदान कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है,इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए भोपाल स्थित स्वर्ण जयंती ऑडिटोरियम, प्रशासनिक अकादमी में आयोजित सम्मान समारोह में बांडोल से डॉ संदीप सनोडीया ,सुनवारा से डॉ जगन्नाथ सर्वे एवं लोपा से सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अनुराधा कटरे को पुरस्कार (अवार्ड) प्रदान किया गया। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि में ब्लॉक टीम ,प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की टीम एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिर की टीम का महत्वपूर्ण योगदान रहा जिला-सिवनी व ब्लॉक केवलारी,धनौरा, गोपालगंज के लिए यह एक गौरव का क्षण है, जिसने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में उत्कृष्टता प्रदर्शित की है।

### जिले में बूथ स्तर पर श्रद्धासुमन अर्पित कर मनाया गया डॉक्टर मुखर्जी का बलिदान दिवस, जिला कार्यालय में आयोजित हुई विचार गोष्ठी

# डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के एक देश एक विधान एक निशान के संकल्प को पूरा किया भाजपा की सरकार ने : दीपक सोनी




**दैनिक रेवांचल टाईम्स, कटनी। भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय प्रदेश, नेतृत्व के प्रमुख संगठनात्मक कार्यक्रम के तहत भारत की सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्य रखने अपनी अंतिम सांस तक कश्मीर में दो विधान दो निशान दो प्रधान को समाप्त करने की खातिर जान न्यौछावर करने वाले महान शिक्षाविद एवं प्रखर राष्ट्रवादी तथा जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बलिदान दिवस पर उन्हें कोटि-कोटि नमन करते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपक सोनी टण्डन ने जिला कार्यालय में आयोजित विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुखर्जी जी ने अपना जीवन जम्मू कश्मीर और राष्ट्र के लिए पूर्ण रूप से समर्पित किया।**

एक देश मे दो प्रधान दो विधान दो निशान को समाप्त करने के उनके लक्ष्य को संकल्प बना कर भारतीय जनता पार्टी की सरकारों ने काम किया तथा इस संकल्प को हासिल कर डॉ मुखर्जी के सपने को पूरा किया। डॉ मुखर्जी के जीवन को कार्यकर्ता अपने जीवन में उतारकर भारतीय जनता पार्टी के संगठन को मजबूती प्रदान करें। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने लोकसभा के विशेष सत्र में कश्मीर से धारा 370 हटाने का प्रस्ताव लाकर कश्मीर की जनता को सामान्य न्याय दिलाने का काम किया डा मुखर्जी द्वारा राष्ट्रीय एकता व अखण्ता, बंगाल एकीकरण,भारतीय संस्कृति की रक्षा और उनके सपनों को पूरा कर रहे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा सेवा,सुशासन और गरीब कल्याण तथा सक्षम,सशक्त और आत्मनिर्भर भारत बनाने के प्रयास किए गए हैं। विचार गोष्ठी को पूर्व महामंत्री वरिष्ठ भाजपा नेता भंवर सिंह चौहान ने संबोधित करते हुए जनसंघ की स्थापना तथा डॉ मुखर्जी के संघर्षों को याद दिलाया। वरिष्ठ नेता संतोष जायसवाल ने नेहरू सरकार से मंत्री पद त्याग कर कश्मीर की खातिर अपनी जान देने वाले डॉ श्यामा प्रसाद जी के सम्पूर्ण जीवन की सार्थकता तथा संघर्ष को बताया। इसी तरह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामरतन पायल ने डॉ मुखर्जी की कृतित्व तथा एक राष्ट्र की कल्पना के लिए उनके संघर्ष को बताया। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पीताम्बर टोपनानी ने डॉ श्यामाप्रसाद जी के संकल्प तथा उसे पूरा करने के भाजपा सरकार के प्रयासों की जानकारी दी। महापौर श्रीमती प्रीति सूरी ने डॉ श्यामाप्रसाद जी को नमन करते हुए कहा कि उनके संघर्ष हमे प्रेरणा देते हैं की राष्ट्र की एकता की खातिर अपने लक्ष्य से पीछे नहीं हटना चाहिए। इस अवसर पर पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश सोनी ने भी अपने विचार रखे। विचार गोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री सुनील उपाध्याय तथा आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष रवि खरे ने किया इससे पहले समस्त भाजपाजनों ने मुखर्जी जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में मंडलों के अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। साथ ही जिले के सभी 26 मंडलों के बूथों 1168 बूथों पर श्यामाप्रसाद जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए विचार संगोष्ठी के माध्यम से बलिदान दिवस मनाया गया।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने पद की लालसा न रखते हुए देश की अखंडता के लिए किया कार्य : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**प्रखर राष्ट्रवादी विचारक डॉ. मुखर्जी ने पहली बार अहसास कराया कि भारत का अभिन्न अंग है जम्मू-कश्मीर**

**प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर विकास के नए द्वार खोले**

**देश का मोर-मुकुट है जम्मू-कश्मीर**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने डॉ. मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित किए**



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रखर राष्ट्रवादी विचारक डॉ. मुखर्जी की भाजपा कार्यालय के निकट स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्र के नवनिर्माण में उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे अनेक महापुरुष हुए, जिन्होंने कभी पद की लालसा नहीं रखी और देश की एकता एवं अखंडता के लिए कार्य किया। राष्ट्रीय एकता को समर्पित डॉ. मुखर्जी ने नारा दिया था कि एक देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे। उन्होंने देश को आंदोलित करते हुए स्वयं का बलिदान कर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके प्रतिमा स्थल पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महान शिक्षाविद् और हमारे मार्गदर्शक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने पहली बार यह अहसास कराया कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है, देश का मोर मुकुट है। डॉ. मुखर्जी युवाकाल में कुलपति बने और उन्होंने बंगाल के कई आंदोलनों में भाग लेकर नागरिकों को बताया कि देश के विकास में हमारा योगदान किस प्रकार का होना चाहिए। डॉ. मुखर्जी जब केंद्र में आपूर्ति एवं कपड़ा मंत्री बने तो उनका हर निर्णय सराहनीय रहा। मां भारती की सेवा, लोक-कल्याण और कमजोर वर्ग के उत्थान के लिए उनका मार्गदर्शन भारत के निर्माण का आधार है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश को धारा 370 से मुक्ति दिलाई और ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पड़ोसी देश को स्पष्ट संदेश दिया। भारत सरकार के इस फैसले के साथ देश में हर वर्ग का व्यक्ति खड़ा था। कश्मीर में 1947 में ही विकास के द्वार खुल जाने चाहिए थे। अब प्रधानमंत्री श्री मोदी ने रेलवे नेटवर्क, पर्यटन और धार्मिक पर्यटन सहित अनेक क्षेत्रों में जम्मू-कश्मीर की समृद्धि के लिए कार्य किए हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ सांसद श्री वी.डी. शर्मा, विधायक श्री भगवानदास सबनानी, भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय, समाजसेवी श्री हितानंद शर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री सुरेश पचौरी, नगर निगम अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी, सर्वश्री रवींद्र यति, राहुल कोठारी सहित जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी उपस्थित थे।

# दनोरा गांव का फोरलेन से टूटा संपर्क, महिलाएं पहुंचीं कलेक्ट्रेट

**बोलीं- 2 किमी पैदल चलने को मजबूर, असुरक्षा का भय रहता है**



बैतूल। बैतूल के दनोरा गांव का संपर्क फोरलेन निर्माण के बाद से पूरी तरह बाधित हो गया है। पहले यह गांव एनएच-47 की टू लेन सड़क से जुड़ा था, लेकिन बंसल कंपनी के फोरलेन बनाने के बाद रास्ता बंद कर दिया गया। इस समस्या से परेशान होकर सोमवार को बड़ी संख्या में महिलाएं कलेक्ट्रेट पहुंचीं और संयुक्त कलेक्टर मकसूद अहमद को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि अब गांव में कोई यात्री बस नहीं आती। बैतूल और चिचोली से आने वाली बसें या तो गांव के बाहर रुकती हैं या फोरलेन से निकल जाती हैं। स्थिति यह है कि बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चों को रात में 1 से 2 किलोमीटर तक पैदल चलना पड़ता है। महिलाओं ने बताया कि रात के समय असुरक्षा का भय रहता है। मड़क मार्ग चंडी मंदिर के पास रास्ता खोलने की मांग भी ठुकरा दी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि आसपास के अन्य गांवों को तो फोरलेन से जोड़ दिया गया, लेकिन दनोरा को नजरअंदाज कर दिया गया। चिचोली से आने वाली बसें अब जीन के पास ही रुकती हैं। बस कंडक्टर साफ कह देते हैं कि दनोरा नहीं जाएंगे।गांव के प्रतिनिधि मुकेश गलकर ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही दनोरा को फोरलेन से नहीं जोड़ा गया तो ग्रामीण फोरलेन पर चक्का जाम करेंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

## 3.60 लाख के जेवरात के साथ तीन चोर गिरफ्तार

**रायसेन।** रायसेन जिले के गैरतगंज में पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा सोमवार को किया है। पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पाण्डेय ने बताया कि पुलिस टीम ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों से 3 लाख 60 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवरात बरामद किए गए हैं। घटना 5 जून को नंदनी नगर गैरतगंज में हुई थी। फरियादी जितेन्द्र धाकड़ और उनका परिवार दोपहर 11:30 बजे जैतपुर गांव में भंडारे में शामिल होने गए थे। शाम 6 बजे वापस आने पर उन्होंने घर के ताले टूटे हुए पाए। अज्ञात चोरों ने अलमारी में रखे सोने और चांदी के आभूषण चुरा लिए थे। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की जांच की। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट और साइबर सेल की मदद से तकनीकी साक्ष्य जुटाए।

# "जल गंगा संवर्धन अभियान" का समापन

**हर जिले में होंगे 24 से 30 जून तक विशेष आयोजन**

भोपाल। प्रदेश में जल संरक्षण, जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन और जनजागरूकता को बढ़ावा देने के लिये शुरू किया गया "जल गंगा संवर्धन अभियान" का 30 जून 2025 को समापन होगा। उल्लेखनीय है कि अभियान 30 मार्च से पूरे प्रदेश में शासन और समाज के सहयोग से चलाया गया था। सभी जिलों में 24 से 30 जून तक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में समापन के विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा इस संबंध में सभी कलेक्टर्स एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। इस समापन सप्ताह का उद्देश्य अभियान की उपलब्धियों और इसके जरिए हुए कार्यों के लाभों को जन-जन तक पहुँचाना है। साथ ही नागरिकों से मिले सुझावों के आधार पर भविष्य की नीतियों में सुधार करना और जनप्रतिनिधियों, जलदूतों व स्थानीय नागरिकों को आगे की योजनाओं में सहभागी बनाना भी इसका अहम हिस्सा है। समापन सप्ताह के दौरान कई गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी इनमें अभियान के दौरान हुए कार्यों और जनसहभागिता पर आधारित प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जनप्रतिनिधियों और अन्य प्रमुख लोगों के साथ क्षेत्र का दौरा कर किए गए कार्यों की समीक्षा की जाएगी और उन्हें जनता को समर्पित किया जाएगा। ग्राम पंचायत स्तर पर जनसंवाद का आयोजन होगा, जिसमें अभियान की उपलब्धियों, जनभागीदारी और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा होगी। "जल गंगा संवर्धन अभियान" में अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, सरपंचों और जलदूतों को सम्मानित किया जाएगा। बनाई गई जल संरचनाओं को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज कराने की प्रक्रिया भी की जाएगी। वहीं, हर दिन की गतिविधियों की फोटो और वीडियो रिपोर्ट बनाकर विभिन्न मीडिया माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया जाएगा। अभियान के समापन कार्यक्रमों में शामिल सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर द्वारा 24 से 30 जून तक हर दिन की गतिविधियों की रूपरेखा तैयार कर उसे जनप्रतिनिधियों से साझा किया जाएगा ताकि उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

# रायसेन में अब तक 225 मिमी बारिश हुई

**:किले की पहाड़ी बादलों से ढकी, अगले 4 दिन तेज बारिश का अलर्ट**



रायसेन। रायसेन में मानसून की बारिश ने रफ्तार पकड़ ली है। रविवार को दिनभर रुक-रुक कर बारिश होती रही। रात में भी बारिश का सिलसिला जारी रहा। मौसम में ठंडक घुलने से लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली। रायसेन किले की पहाड़ी पर बादल इस कदर नीचे आ गए कि पहाड़ी बादलों की चादर में लिपट गई, जिससे सुंदर नजारा देखने को मिला। बता दें कि मानसून 19 जून की रात रायसेन पहुंचा था। उस समय कुछ घंटे हल्की बारिश हुई थी, इसके बाद लगातार तीन दिन तक बादल तो छाए रहे, लेकिन बरसात नहीं हुई। रविवार सुबह 9 बजे से बारिश ने रफ्तार पकड़ ली, जो दिनभर जारी रही। रायसेन किले के ऊपर छाया बादल।

**अगले चार दिन तेज बारिश की संभावना :** मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के ऊपर से एक लो प्रेशर एरिया (कम दबाव का क्षेत्र) गुजर रहा है। इसके अलावा साइक्लोनिक सकुर्लेशन और टर्फ लाइन की सक्रियता भी बनी हुई है। यह सिस्टम काफी मजबूत है, जिसके चलते भारी से अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। आने वाले चार दिन तक तेज बारिश की संभावना बनी हुई है।

**कई इलाकों में अच्छी बारिश दर्ज**

जिले के अलग-अलग हिस्सों में रविवार को अच्छी बारिश रिकॉर्ड की गई। बाड़ी में सबसे अधिक 44 मिमी बारिश हुई, जबकि उदयपुरा में 40 मिमी, सुल्तानपुर में 37.4 मिमी और बरेली में 28 मिमी बारिश दर्ज की गई। रायसेन में 23.8 मिमी, देवरी में 23.2 मिमी, गैरतगंज में 14.2 मिमी, बेगमगंज में 7.3 मिमी, सिलवानी में 6.0 मिमी और गौहरगंज में 1.0 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। अब तक जिले में कुल 224.9 मिमी बारिश हो चुकी है। लगातार हो रही बारिश से किसानों ने राहत की सांस ली है और खरीफ फसलों की बुवाई की तैयारियों में जुट गए हैं।

## नपं में बैठक : सांची को आदर्श नगर बनाने का लिया संकल्प

सांची। नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू रेवाराम ने परिषद कार्यालय के सभागार में प्रेस वार्ता की। उन्होंने कहा, नगर को विकसित और सुविधायुक्त बनाना हमारा संकल्प है। शहर की कई सड़कों का नवनिर्माण और जर्जर सड़कों का पुनर्निर्माण कराया गया है। नगर परिषद कार्यालय का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। सफाई व्यवस्था को लेकर नियमित प्रयास किए जा रहे हैं। वाटर प्लांट से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के लिए संबंधित कंपनी को पत्र भेजा गया है। जहां सड़कें खोदी गई हैं, वहां जल्द सुधार कार्य होगा। बरसात में जलभराव की समस्या को देखते हुए निचले क्षेत्रों में जल निकासी की वैकल्पिक व्यवस्था के निर्देश सीएमओ को दिए गए हैं। नाले निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए एजेंसी को निर्देशित किया गया है।

## केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह की अध्यक्षता में 25वीं मध्य क्षेत्रीय परिषद् की बैठक 24 जून को वाराणसी में

भोपाल। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह की अध्यक्षता में 25वीं मध्य क्षेत्रीय परिषद् की बैठक मंगलवार, 24 जून को वाराणसी में पहली बार होने जा रही है। इस अहम बैठक में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय शामिल होंगे। मध्य क्षेत्रीय परिषद् की बैठक सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक वाराणसी के होटल ताज में होगी। बैठक में क्षेत्रीय सुरक्षा, विकास, स्वास्थ्य, प्रशासनिक समन्वय और राज्यों से जुड़े विशेष मुद्दों पर भी चर्चा होगी। बैठक में मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्य सचिव, नीति आयोग के प्रतिनिधि, अंतर्राज्यीय परिषद के सदस्यगण और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे। मध्य क्षेत्रीय परिषद् का मुख्य लक्ष्य राज्यों के बीच सहयोग बढ़ाना, अंतर्राज्यीय विवादों का बातचीत के जरिए समाधान करना, सामान्य हितों के मामलों पर विचार करना, प्राकृतिक संसाधनों का समान उपयोग सुनिश्चित करना और संवेदनशील क्षेत्रों में विकास गतिविधियों को बढ़ावा देना है।

## छिंदवाड़ा में तेज रफ्तार बाइक की कार से टक्कर, एक घायल

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा में रविवार देर शाम नागपुर रोड पर तेज रफ्तार बाइक एक कार से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज जारी है। यह घटना नागपुर रोड स्थित तनिष्क शोरूम के सामने की है। जानकारी के अनुसार, तारा कॉलोनी निवासी राहुल बालापुरे (23) अपनी बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान उनकी बाइक एक कार से पीछे से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि राहुल सड़क पर गिर गए और उन्हें गंभीर चोटें आईं। कोतवाली थाना प्रभारी आशीष कुमार के अनुसार, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज निकाली जा रही है, ताकि हादसे के कारणों की पुष्टि की जा सके। फिलहाल युवक का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई जारी है।

# स्वास्थ्य संस्थानों में स्वच्छता, सेवा गुणवत्ता और जनविश्वास का समन्वय आवश्यक : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

**समस्त स्वास्थ्य संस्थानों को मानक अनुरूप बनाने के लिये करें सघन प्रयास**

**जिला चिकित्सालय सिवनी और देवास कायाकल्प में प्रथम, एनक्यूएएस मापदंड में दतिया शीर्ष पर**

**कायाकल्प, एनक्यूएएस, मुस्कान एवं लक्ष्य कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वास्थ्य संस्थाओं को किया सम्मानित**



भोपाल। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि स्वास्थ्य संस्थानों में उपचार के साथ-साथ स्वच्छता और साफ-सफाई भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं केवल दवा और इलाज तक सीमित नहीं हैं, बल्कि अस्पताल परिसर का वातावरण, संक्रमण नियंत्रण, स्वच्छता और मरीजों को मिलने वाली संपूर्ण देखरेख भी उतनी ही आवश्यक है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रदेश की स्वास्थ्य संस्थाओं ने कायाकल्प, एन.क्यू.ए.एस., मुस्कान और लक्ष्य जैसे कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह प्रमाणित किया है कि हम सही दिशा में कार्य कर रहे हैं। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने स्वर्ण जयंती सभागार नारोन्हा प्रशासनिक अकादमी भोपाल में वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के कायाकल्प, एनक्यूएएस, मुस्कान एवं लक्ष्य कार्यक्रमों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वास्थ्य संस्थाओं को सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि यह उपलब्धियाँ प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव की ओर बढ़ते कदम हैं। उन्होंने कहा कि यह सराहनीय है कि बड़ी संख्या में संस्थान इन मापदंडों पर खरे उतर रहे हैं, लेकिन हमारा प्रयास होना चाहिए कि शेष संस्थाओं को भी इन मानकों के अनुरूप विकसित किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र के संपूर्ण सुदृढ़ीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में 10 हजार करोड़ की लागत के स्वास्थ्य अधोसंरचना विकास के कार्य प्रगति पर हैं। साथ ही, स्वास्थ्य विभाग में 3 हजार चिकित्सकों सहित कुल 35 हजार पदों पर नियुक्तियाँ की जा रही हैं, जिससे मैनपावर की कमी दूर होगी और सेवा प्रदाय की गुणवत्ता बेहतर होगी।उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि प्रदेश के सभी 12,000 से अधिक स्वास्थ्य संस्थान कायाकल्प, एन.क्यू.ए.एस., लक्ष्य और मुस्कान जैसे मानकों पर खरे उतरें, इसके लिए केवल बजट और संसाधनों की नहीं, बल्कि सतत मॉनिटरिंग, संस्थागत प्रशिक्षण और कर्मचारियों को प्रेरित करने की आवश्यकता है। हर संस्थान को सशक्त और उत्तरदायी बनाकर प्रदेश के हर क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित कराना हैं। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ह्यस्वस्थ भारतह्न के लक्ष्य की दिशा में मध्यप्रदेश लगातार उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित कर रहा है। कायाकल्प अवार्ड जैसे कार्यक्रम इन प्रयासों को प्रोत्साहित करने वाले महत्वपूर्ण साधन हैं। उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियों की प्रतिबद्धता और सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं की सफलता का आधार वही लोग हैं जो अस्पतालों में दिन-रात जनसेवा के लिए समर्पित रहते हैं।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की स्थिति में सुधार का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में मातृ मृत्यु दर वर्ष 2020 के 175 के मुकाबले घटकर 159 पर आ गई है, जो एक सकारात्मक संकेत है। परंतु उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सुधार पर्याप्त नहीं है और अभी हमें बहुत आगे जाना है। इस दिशा में उन्होंने गर्भवती माताओं के शत-प्रतिशत पंजीयन, हाई रिस्क प्रेगनेंसी की समय पर पहचान और उनके समुचित उपचार के लिए ठोस, योजनाबद्ध और जमीनी स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार टेलीमेडिसिन जैसी तकनीकी सेवाओं को भी सशक्त बना रही है ताकि दूरस्थ क्षेत्रों में भी विशेषज्ञों की राय और इलाज की सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि कायाकल्प अभियान की शुरूआत वर्ष 2015-16 में हुई थी, जब केवल 9 संस्थाएं मापदंडों पर खरी उतर सकीं थीं, वहीं वर्ष 2024-25 में यह संख्या बढ़कर 675 स्वास्थ्य संस्थाओं तक पहुँच चुकी है। इससे स्पष्ट है कि राज्य की प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक स्तर की स्वास्थ्य संस्थाओं में अभूतपूर्व परिवर्तन हो रहा है। यह परिवर्तन मात्र संख्या नहीं, बल्कि गुणवत्ता, पारदर्शिता और जनविश्वास का प्रतीक है।

## सशक्त स्वास्थ्य से ही विकसित भारत और विकसित मध्यप्रदेश का स्वप्न होगा पूर्ण : राज्य मंत्री श्री पटेल

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पूर्ण समर्पण से स्वास्थ्य विभाग का अमला कार्य करें। सशक्त स्वास्थ्य से ही हम विकसित भारत और विकसित मध्यप्रदेश का स्वप्न पूर्ण कर पाएंगे। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य संस्थानों और चिकित्सकीय टीम को बधाई दी। उल्लेखनीय है कि कायाकल्प, एन.क्यू.ए.एस., लक्ष्य एवं मुस्कान पुरस्कारों का उद्देश्य प्रदेश की शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वच्छता, संक्रमण नियंत्रण, सेवा गुणवत्ता एवं मातृ-शिशु देखभाल में उत्कृष्ट मानक सुनिश्चित करना है। इन पुरस्कारों की शुरूआत भारत सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने हेतु की गई, जिनके तहत संस्थाओं का मूल्यांकन निर्धारित मापदण्डों के आधार पर किया जाता है।

# फांसी के फंदे से लटका मिला व्यक्ति का शव

## शरीर में लिखे नाम, सुसाइड नोट बरामद : ठेमी पुलिस जांच में जुटी







**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** गत दिवस थाना क्षेत्र ठेमी के ग्राम घाट पिपरिया में व्यक्ति का शव गांव की ही धर्मशाला में लटका मिला जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को फंदे से उतारा और मर्ग पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक के शरीर से पर कुछ लोगों के नाम लिखे मिले तथा लाश के पास सुसाइड नोट भी मिला पुलिस मामले के प्रत्येक पहलुओं से जांच मे जुटी हुई। अब देखना होगा कि पुलिस द्वारा की जाने वाली जांच में क्या सामने आता है।

### घटना इस प्रकार

विगत दिवस थाना क्षेत्र ठेमी के ग्राम घाट पिपरिया में गांव की धर्मशाला मे लोचन मल्लाह उम्र 45 वर्ष निवासी घाट पिपरिया का शव फांसी के फंदे से लटका मिला सुबह ग्रामीणों ने शव को फांसी मे लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को फंदे से उतारकर मर्ग प्रकरण तैयार किया गया तथा शव को परीक्षण हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर शव परीक्षण के उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया। वही पुलिस मामले के प्रत्येक दृष्टिकोण से जांच कर रही है।

### परिवार के साथ सोया था व्यक्ति

उक्त मामले को लेकर बताया गया कि व्यक्ति अपने घर पर परिवार के साथ सोया था और दूसरे दिन सुबह उसका शव गांव की धर्मशाला मे फांसी के फंदे से लटका मिला। मृतक के शरीर पर गांव के ही पांच व्यक्तियों के नाम लिखे मिले वही शव के पास से एक सुसाइड नोट भी मिला पुलिस व्यक्ति की आत्महत्या के कारणों की जांच मे जुटी है वही शरीर पर लिखे हुए नाम स्पष्ट नही है जिस कारण से समझने परेशानी उत्पन्न हो रही है। पुलिस द्वारा की जा रही जांच के उपरांत सच सामने आ सकता है। घर पर सोया हुआ व्यक्ति धर्मशाला तक कैसे पहुंचा और फांसी लगाने के कारण क्या है।

### इन लोगो के मिले नाम

मृतक के शरीर पर जिन लोगों के नाम लिखे है उनमें परमलाल, प्रवेश, केदार, मुकेश और शौकीलाल गांव के ही निवासी है। वही बरामद हुए सुसाइट नोट मे व शरीर पर लिखे नामों लिखावट स्पष्ट नही है। मृतक के एक बेटा और बेटी है। जांच अधिकारी चंद्रकांत प्रजापति द्वारा बताया गया कि मृतक के शरीर पर लिखे नाम वाले व्यक्तियों का घटना से क्या संबंध है। साथ ही यह भी जांच हो रही है कि क्या यह मामला किसी दबाव या प्रताड़ना से जुड़ा है। मृतक के एक बेटा और एक बेटी हैं, दोनों विवाहित हैं। पुलिस द्वारा मामले से जुड़े प्रत्येक पहलु से जांच की जा रही है। अब देखना होगा कि जांच मे क्या सामने आता है।

## मूंग उर्पाजन हेतु पंजीयन 5 तक

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** राज्य शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग भोपाल के निदेर्शानुसार वर्ष 2025 विपणन वर्ष 2025- 26 में प्राइस सपोर्ट स्कीम के अंतर्गत ई- उपार्जन पर ग्रीष्मकालीन फसल मूंग एवं उड़द को न्यूनतम समर्थन मूल्य पर पंजीयन के लिए ई- उपार्जन पोर्टल पर 19 जून से 5 जुलाई 2025 तक किया जायेगा। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिले के किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए उत्पादित ग्रीष्मकालीन फसल मूंग एवं उड़द के पंजीयन कार्य के लिए 54 पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण किया है।

# सहकारी समिति के रिश्वतखोर प्रशासक को सजा

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** विगत दिवस न्यायालय विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, नरसिंहपुर नीतिराज सिंह सिसोदिया के न्यायालय द्वारा आरोपी शैलेन्द्र सिंह भाटी आयु 61 वर्ष, सहकारी निरीक्षक, कार्यालय उप आयुक्त सहकारिता नरसिंहपुर को धारा 7(ख) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 में दोषसिद्ध पाते हुये 3 वर्ष एवं 5000 रुपये व धारा 13(1)(ख) सहपठित धारा 13(2) में 4 वर्ष का कठोर कारावास एवं 5000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया है। अभियोजन मे बताया गया कि आरोपी द्वारा मजदूरी का पैसा निकालने के एवज दस हजार रूपए की रिश्वत मांगी गई थी। न्यायालय में शासन की ओर से मामले की पैरवी विशेष लोक अभियोजक रामकुमार पटेल द्वारा की गई। अभियोजन के द्वारा साक्षियों का परीक्षण कराया गया तत्पश्चात मौखिक तर्क प्रस्तुत किये गये जिनसे सहमत होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी शैलेन्द्र सिंह भाटी को धारा 7(ख) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 में दोषसिद्ध पाते हुये 3 वर्ष का कठोर कारावास एवं 5000 रुपये अर्थदंड व धारा 13(1) (ख) सहपठित धारा 13 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 में 4 वर्ष का कठोर कारावास एवं 5000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया है।

## बरगी नहरों से सिंचाई के लिए जल हेतु मांग पत्र आमंत्रित

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** की खरीफ फसलों की बरगी नहरों से सिंचाई के लिए जल लेने गोटेगांव व नरसिंहपुर तहसील के संबंधित लगभग 126 ग्रामों के किसानों से 31 जुलाई 2025 पूर्व मांग पत्र एवं अनुबंध प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है, ताकि नहरों से खरीफ फसलों के लिए निर्धारित तिथि से जल प्रवाह किया जा सके। इन ग्रामों में मुख्य नहर की आरडी 63.420 से 81.300 किमी तक वितरण प्रणालियों में क्रमशरू हरेरी शाखा नहर एवं करेली वितरण नहर व देवरी वितरण नहर, बगासपुर, रामनिवारी व तिघरा माइनर, कमांड की माइनरोंध सब माइनरों से लगभग 126 ग्रामों की लगभग 3 हजार हेक्टर भूमि में निर्मित नहर प्रणाली से खरीफ फसलों की सिंचाई करने का लक्ष्य रखा गया है। यह जानकारी कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी सागर नहर संभाग दो गोटेगांव ने दी है। इस सिलसिले में कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी सागर नहर संभाग गोटेगांव ने जिले के गोटेगांव व नरसिंहपुर तहसील के संबंधित ग्रामों के किसानों से आग्रह किया है कि वे मांग पत्र एवं अनुबंध समक्ष प्राधिकारी बगासपुर, जल उपभोक्ता संथा देवनगर, दबकिया, मनकवारा, खमरिया, कुसीवाड़ा, कमोद, भैंसा, आंखीवाड़ा, कमोद, देवरी, तिंदनी एवं मुराछ आदि के माध्यम से अनुविभागीय अधिकारी रानी अवंती बाई लोधी सागर नहर उपसंभाग बगासपुर एवं गोटेगांव को 31 जुलाई 2025 के पूर्व तक प्रस्तुत करें।

## महिला ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण हेतु साक्षात्कार 26 को

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** जिले के ग्रामीण क्षेत्र के निवासियों के लिए महिला ब्यूटी पार्लर 35 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सेंट आरसेटी- ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान नरसिंहपुर में प्रारंभ किया जायेगा। इस प्रशिक्षण में साक्षात्कार के लिए 22 जून से 26 जून तक लिया जायेगा। चयन होने के पश्चात 26 जून से प्रशिक्षण प्रारंभ किया जायेगा। प्रशिक्षण के उपरांत मुद्रा योजना के तहत हितग्राही के सेवा क्षेत्र के अनुसार स्व- रोजगार स्थापित करने के लिए ऋण आवेदन निरूशुल्क बैंकों में भेजा जायेगा। एक बैच के प्रशिक्षण में 35 सीट अभ्यर्थियों की रहेगी। प्रशिक्षण में प्रवेश लेने के लिए आवेदक को आवेदन के साथ आधार कार्ड, आधार कार्ड के अनुसार 18 से 45 उम्र, 8 वीं पास मार्कशीट, बीपीएल राशन कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, एसईसीसी डाटा और 4 फोटो लगाना आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए सुभाष वार्ड स्थित जिला पंचायत कार्यालय के बाजू में सेंटआर सेटी- ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्था में या दूरभाष पर सम्पर्क किया जा सकता है। यह जानकारी निदेशक आरसेटी नरसिंहपुर ने दी है।

### नवोदय प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन आमंत्रित

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** नवोदय विद्यालय समिति बोहानी द्वारा कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित की जायेगी। नवोदय प्रवेश चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन- आवेदन करने का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है। इच्छुक विद्यार्थी अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नवोदय विद्यालय समिति की बेवसाइट पर जाकर कर सकते है। जिला शिक्षा अधिकारी नरसिंहपुर ने सभी शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालय के संकुल प्राचार्यों से कहा है कि वे संकुल अंतर्गत आने वाली समस्त शालाओं के प्रधान पाठकों को अधिक से अधिक और न्यूनतम 10 आवेदन फार्म ऑनलाइन भरवाना सुनिश्चित करें, जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी चयन परीक्षा में शामिल हो सकें।



## करकबेल स्कूल मे आयोजित योग शिविर मो शामिल हुए विधायक

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** जिले में 11 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस शासकीय विद्यालयों और अन्य स्थानों में आयोजित किये गये। इसी क्रम में विधायक महेन्द्र नागेश पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करकबेल में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि योग शरीर को स्वस्थ रखने, मन को आनंदित रखने के लिए सशक्त माध्यम है। योग ही हमें स्वस्थ, सुखी और संतुलित जीवन जीने की दिशा में आगे बढ़ाता है। उन्होंने सभी से कहा कि वे योग को अपने जीवन में हिस्सा अवश्य बनायें। जिले के शासकीय माध्यमिक विद्यालय, हाई व हायर सेकेंडरी विद्यालयों में योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसके अलावा समस्त संदीपनी, उत्कृष्ट शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुंगवानी, हायर सेकेंडरी विद्यालय नेहरू, भैंसा, ठेमी, नरसिंहपुर सहित जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के विद्यालयों में योगाभ्यास के कार्यक्रम आयोजित किये गये। इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधि, प्राचार्य, शिक्षक, विद्यार्थी और आम नागरिक भी शामिल हुए।

## एम आई एम टी कॉलेज में हुआ सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** विगत दिवस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के निदेर्शानुसार एम. आई. एम. टी. कॉलेज नरसिंहपुर में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं, एन.सी.सी., एन.एस.एस. के कैडेट्स द्वारा सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग ने जीवन में योग का महत्व को उल्लेख करते हुए नियमित योग एवं निरोगी काया प्राप्त करने की बात पर बल दिया। कार्यक्रम में योग, प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार के माध्यम से युवाओं को विविध आसनों का अभ्यास कराया गया। 1 एम. पी. बटालियन एन. सी. सी. जबलपुर के कमान अधिकारी कर्नल समीर बोडास के निदेर्शानुसार जनजागरूकता हेतु युवाओं को जीवन में योग को शामिल करने हेतु व्याख्यान के माध्यम से प्रेरित किया गया। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के संदेश को संचारित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एन.सी.सी. अधिकारी मेजर डॉ. पराग नेमा एवं आभार एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती आराधना दुबे द्वारा किया गया।



## गीता रामायण पर व्याख्यान, भजन व सम्मान समारोह आयोजित

**दैनिक रेवांचल टाइम्स नरसिंहपुर।** गत दिवस स्थानीय बरिया वाले हनुमान जी के मंदिर में आयोजित सत्संग कार्यक्रम में पं.रामस्वरूप शर्मा ने कहा कि मोह हमे सांसारिक बंधनों से बांधता है जबकि भक्ति परमात्मा से जोड़ती है । हम सत्संग भक्ति से अपने कर्म आचरण मन वाणी में परमात्मा को उतारें। इस संसार से भागें नहीं अपितु इस में रहकर इसे सुंदर बनायें। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में यही संदेश अर्जुन को दिया है। साहित्यकार कवि अशोक त्रिपाठी ने मानस के राम वन गमन प्रसंग से मां के स्वरूप को उभारते हुए कहा कि एक मां कैकयी है जो अपने पुत्र के मोह में राम को वन भेज रही है। दूसरी मां सौमित्रा हैं जो राम की सेवा के लिए पुत्र लक्ष्मण को वन भेज रही हैं। तीसरा मां कौशल्या हैं जो पिता के वचनों के परिपालन हेतु अपने पुत्र राम को वन गमन जाने हेतु आशीष दे रहीं हैं। हे मातृशक्ति तुम मां सौमित्रा बनना कौशल्या बनना पर कभी कैकयी मत बनना। मां मां होती है जगत जननी होती है। उक्त अवसर पर वरिष्ठ जन परिषद और आयोजन समिति की ओर से सेवानिवृत नरसिंहपुर तहसील पेंशनर समाज अध्यक्ष अनिल राय का शाल श्रीफल से सम्मान और अभिनंदन किया गया। भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें भजन गायक मदन कुमार श्रीवास्तव पं.सी बी शर्मा नारायण श्रीवास्तव ने सुमधुर भजन प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में गणेश कुमार चतुवेर्दी पं.एम एल हरदेनिया देवेन्द्र दुबे दिनेश श्रीवास्तव डा महेश त्रिपाठी डा केदार गुप्ता एस के चतुवेर्दी अशोक वर्मा डी डी गोस्वामी सुभाष सोनी बी एस पटेल प्रभात राय सुधीर दुबे विजय शर्मा राजेन्द्र पटेल अरुण खरे छत्रपाल कोरी रमेश मेहरा बबलू नेमा अशोक नेमा राजेन्द्र सिंह राय सहित अनेक श्रोता गण उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन अरुण कुमार खरे ने किया।



# क्ष्ंल्ल ने Strait of Hormuz बंद किया तो क्या सचमुच बढ़ जाएंगे पेट्रोल-डीजल के दाम ?

नई दिल्ली। ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिका की बमबारी से तेल कीमतों में वृद्धि की आशंकाएं प्रबल हो गयी हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि यदि तेल के दाम बढ़े तो दुनिया भर में महंगाई बढ़ेगी और आर्थिक गतिविधियों में अनिश्चितता आयेगी। ईरान के हालात से उपजी स्थितियों को लेकर सोशल मीडिया पर तमाम तरह की बातें चल रही हैं। कहा जा रहा है कि गाड़ी में तेल भरवा कर रख लो क्योंकि कीमतें बढ़ने जा रही हैं। इस रिपोर्ट के माध्यम से हम पड़ताल करेंगे कि क्या आपको वाकई अपनी गाड़ी का टैंक फुल करवा कर रख लेना चाहिए?



ईरान ने अमेरिकी हमलों का जवाब देने की बात कही है ऐसे में यदि युद्ध व्यापक रूप लेता है तो इसके जो नकारात्मक प्रभाव होंगे उसमें ऊर्जा कीमतों में वृद्धि की संभावनाएं सबसे ज्यादा हैं। हालांकि इजराइली शेयर बाजार संकेत दे रहा है कि अब जब ईरान के परमाणु शक्ति बनने की संभावना कम हो गयी है तो मध्य पूर्व की अर्थव्यवस्थाओं में बड़े बदलाव देखे जा सकते हैं। विश्लेषकों का यह भी कहना है कि अगर ईरान हार्मुज जलडमरूमध्य को बंद करता है तो भी तेल की कीमतें बढ़ सकती हैं। हम आपको बता दें कि हार्मुज जलडमरूमध्य 33 किमी चौड़ा है और वहां से दुनिया का लगभग एक-चौथाई तेल व्यापार और 20% तरल प्राकृतिक गैस की आपूर्ति होती है। वैसे विश्लेषकों का यह भी कहना है कि अगर ईरान हार्मुज को पूरी तरह बंद कर देता है तो उसकी खुद की तेल आपूर्ति भी बंद हो जाएगी। हम आपको बता दें कि तेल की कीमतें सोमवार (23 जून, 2025) को जनवरी के बाद से अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं हैं क्योंकि अमेरिका ने ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला किया है जिससे आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ गई है। हम आपको यह भी बता दें कि ईरान ओपेक का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल उत्पादक है।

तेल बाजार को डर है कि ईरान की जवाबी कार्रवाई में अगर हार्मुज जलडमरूमध्य को बंद किया गया तो वैश्विक तेल आपूर्ति पर गहरा असर पड़ेगा। हम आपको यह भी बता दें कि ईरान की प्रेस टीवी ने बताया है कि ईरानी संसद ने इस जलडमरूमध्य को बंद करने का प्रस्ताव पारित कर दिया है। वैसे ईरान पहले भी ऐसा करने की धमकी दे चुका है लेकिन कभी इस पर अमल नहीं किया। हालांकि इस क्षेत्र से बाहर वैकल्पिक पाइपलाइन मार्ग मौजूद हैं, लेकिन जलडमरूमध्य बंद होने की स्थिति में तेल की पूरी मात्रा का निर्यात संभव नहीं हो पाएगा।

## अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में रोहित शर्मा के 18 साल पूरे, खास तस्वीरें शेयर कर लिखा भावुक संदेश

नई दिल्ली। हिटमैन के नाम से मशहूर रोहित शर्मा ने 18 साल पहले आज ही के दिन यानी 23 जून को अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू किया था। इसको याद कर हिटमैन भावुक हो गए। जिसके बाद उन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी में अपने पहले हेलमेट की तस्वीर शेयर की साथ ही एक भावुक संदेश भी लिखा। बता दें कि, इस दौरान रोहित शर्मा ने लिखा कि हमेशा आभारी रहूंगा, 23.06.07 उस वक्त रोहित महज 20 साल के थे और उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ टी20 मैच से डेब्यू किया था। भारत के लिए दो आईसीसी ट्रॉफी जीत चुके रोहित को अब तक के सबसे बेहतरीन ओपनर्स में से एक माना जाता है। इन 18 वर्षों में हिटमैन के करियर में कई उतार-चढ़ाव आए लेकिन उन्होंने इन सबका डटकर सामना किया और अब वह क्रिकेट की दुनिया में एक आइकन हैं। हालांकि, पिछले साल टी20 वर्ल्ड कप का खिताब जीतने के बाद रोहित ने टी20 क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। वहीं इस साल उन्होंने क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट से भी संन्यास ले लिया। जिसके बाद शुभमन गिल को टीम इंडिया की टेस्ट टीम की कमान सौंपी गई है। रोहित अब सिर्फ वनडे फॉर्मेट खेलते हुए दिखेंगे। इसी में उन्होंने अपना अंतर्राष्ट्रीय मैच भी खेला था जिसे आज पूरे 18 साल हो गए हैं।






# आधी रात आदिवासी छात्रावास पहुंचा 6 फीट लंबा मगरमच्छ

## सुबह तक मचा रहा हंगामा, बघराजी के टिकरिया का मामला



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** वन परिक्षेत्र कुंडम में रविवारसो मवार की दर्मियानी रात सड़क पर 6 फीट लंबे मगरमच्छ के चहल कदमी करते देख हड़कंप मच गया। आनन–फानन में वन विभाग को सूचना दी गई,लेकिन सुबह 7 बजे तक मौके पर कोई नहीं पहुंचा।

घुस जाए इस दहशत में ग्रामीण पूरी रात जागते रहे। सुबह जब हंगामें की खबर महकमे के वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंची,तब कहीं जाकर सोमवार की सुबह जबलपुर से रेस्क्यू टीम को रवाना किया गया है। जानकारी के मुताबिक वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बघराजी के टिकरिया में रविवार की रात लगभग 1. 30 बजे आदिवासी छात्रावास के सामने रोड पर एक 6 फीट लंबा मगरमच्छ देखा गया। आबादी वाले क्षेत्र में इतना लंबा मगरमच्छ होने की चर्चा ग्रामीणों की बीच पहुंची, सभी घरों के बाहर आ गए। आधी रात पूरे गांव में कोहराम की स्थिति निर्मित हो गई। दहशत के बीच पूरा गांव रात से लेकर सुबह 7 बजे तक जागता रहा। इस दौरान ग्रामीणों ने मगरमच्छ को घेरकर अपनी निगरानी में रखा,ताकी वह किसी के घर में न घुस जाए। ग्रामीणों ने बताया कि टिकरिया ग्राम के लगभग आधा किलोमीटर दूर मोघा नाला नामक एक नाला है। जहां से होते हुए यह मगरमच्छ गांव में प्रवेश कर गया। बरसात के दिनों में अकसर मगरमच्छ आबादी वाले क्षेत्रों में आ जाते हैं। लेकिन अब मरगमच्छों का आकार लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसके चलते ग्रामीणों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ने लगी है।

# शहर विकास के लिए महापौर अन्नू ने आयुक्त संकेत भोंडवे से मॉगे लगभग 4 अरब 60 करोड़ रुपए

## मुख्यमंत्री प्रगति पथ के लिए 26 करोड़ रुपए की महापौर ने की मॉग



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के द्वारा शहर को महानगर का स्वरूप प्रदान करने बहुत तेजी से कार्य कराये जा रहे हैं। विकास कार्यो को पंख लगाने तथा शहर के नागरिकां को मुख्यमंत्री प्रगति पथ सड़क की सौगात देने के संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे से 2641.23 लाख रुपए की मॉग की है। इस संबंध में महापौर ने बताया कि जबलपुर नगर में एकता चौक जे.डी.ए. स्कीम नं. 41 से होते हुए जे.डी.ए. की एस आर-3 रोड़, जबलपुर-कटनी बायपास से जोड़ने वाले मार्ग को मुख्यमंत्री प्रगति पथ के रूप में विकसित कर शहर के नागरिकों को शहर की सर्वश्रेष्ठ रोड़ की सौगात दे सकतें हैं। महापौर ने आयुक्त को मुख्यमंत्री प्रगति पथ की आवश्यकताओं एवं उपयोगिताओं की भी विस्तृत रूप से जानकारी दी। महापौर अन्नू ने शहर के नागरिकों को आकस्मिक अग्नि दुर्घटनाओं से बचाने तथा महानगरीय सुविधाओं में बढ़ोत्तरी करने के उद्देश्य से नवीन अग्नि शमन वाहनों के क्रय के लिए भी आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से 12 करोड़ रुपए अतिरिक्त राशि का आवंटन करने की मॉग की। उन्होंने बताया कि पूर्व में राज्य शासन द्वारा 8 नग नवीन अग्नि शमन वाहन क्रय किये जाने के लिए नगर निगम जबलपुर को राज्यांश के रूप में राशि रुपए 1.50 करोड़ आवंटित की जा चुकी है। नगर निगम सीमा अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में बाल्मीकि पद्धति से एक दिन में 11 लाख पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है। यह बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान हमारे शहर के हरित आवरण को बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक प्रयासों में योगदान देने की हमारी प्रतिबद्धता का हिस्सा है। इसके लिए नगर में लगभग 150 एकड़ शासकीय भूमि का चयन किया जा चुका है। इस अभियान में जनप्रतिनिधियों, समाज सेवी संगठनों, धार्मिक संस्थाओं और नागरिकों की बढ़-चढ़कर भागीदारी ली जायेगी ताकि लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बनी रहे और यह जनान्दोलन का रूप ले सके। इस विशाल कार्य को सफल बनाने के लिए हम मियावाकी पद्धति और पौधारोपण उपरांत दो वर्ष तक की देखभाल के साथ कार्य किया जा रहा है जो घने स्थानीय वनों को तेजी से विकसित करने की एक सिद्ध तकनीक है। यह पद्धति न केवल त्वरित वनीकरण में सहायक होती है बल्की समृद्ध जैव विविधता सुनिश्चित करती है जो पर्यावरण संतुलन बनाये रखने के लिए महात्वपूर्ण है। इसके लिए महापौर अन्नू ने 10 करोड़ की राशि आवंटित करने की मॉग की है। महापौर अन्नू ने नया जबलपुर विकसित करने के संबंध में भी आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास म.प्र. भोपाल को मॉग पत्र सौंपकर अनुरोध किया कि देश एवं प्रदेश के विभिन्न शहरों जैसे नई दिल्ली, नवी मुम्बई, नया भोपाल व नया रायपुर को विकसित किया गया है।

# संजीवनी नगर में दो, तिलवारा में एक घर का टूटा ताला, पुलिस जुटी जांच में

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरी की तीन वारदातें के दर्ज हुई हैं। संजीवनी नगर में दो तथा तिलवारा थाना क्षेत्र में पुणे मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया जिसकी शिकायत में पुलिस में दर्ज कराई गई है। पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर हड़ताल में जुट गई है। संजीवनीनगर थाना क्षेत्र में रॉयल स्कूल के समीप रहने वाले डॉक्टर गजेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि वह मूलरुप से सिवनी के रहने वाले हैं और यहां पर संजीवनी नगर क्षेत्र में क्लीनिक चलाते हैं। बीती शाम वे एक जमीन देखने कही चले गई थी घर में ताला डाल दिया था आज सुबह जब वह वापस लौटे तो उनके यह देखकर होश उड़ गए घर का ताला टूटा हुआ था उन्होंने अंदर जाकर देखा तो घर का सामान अस्त व्यस्त हालत में था और अलमारी भी टूटी पड़ी थी वह उल्टे पैर वापस थाने लौटे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। दो गजेंद्र सिंह के मुताबिक पहली नजर में अज्ञात चोर सोने की जेवर सहित 4:30 5 लख रुपए चुराकर ले गए हैं। जानकारी लगते ही पुलिस मौके के लिए रवाना हो गई थी। और प्रारंभिक जांच पड़ताल में जुट गई थी।

# आयुक्त भोंडवे ने नगरीय निकायों के सी.एम.ओ. को समीक्षा बैठक में कार्य प्रणाली में सुधार लाने और पारदर्शिता के साथ कार्य करने की दी चेतावनी



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा पूर्व में जारी एजेन्डे के अनुरूप आज दिनांक 23 जून 2025 को घंटाघर स्थित नेताजी सुभाषचन्द्र बोस, सांस्कृतिक एवं सूचना केन्द्र में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग म.प्र. भोपाल के आयुक्त संकेत भोंडवे और अपर आयुक्त डॉ. परीक्षित झाड़े ने नगरीय निकायों के कार्यो की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान भारत सरकार द्वारा संचालित योजनाऍं अमृत 1.0 एवं 2.0, प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 एवं 2.0, स्वच्छ भारत मिशन 2.0, एवं स्मार्ट सिटी जबलपुर 2.0, के साथ–साथ राज्य शासन की योजनाऍं जिसमें कायाकल्प, मुख्यमंत्री अद्योसंरचना विकास योजना चतुर्थ चरण, मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अद्योसंरचना निर्माण योजना, मध्यप्रदेश अर्बन डेव्हलपमेंट कम्पनी के कार्य, राजस्व आय में वृद्धि तथा आत्मनिर्भर निकाय के लिये किये गए कार्यो, वेतन भुगतान, विद्युत बिलों की स्थिति, सी.एम. हेल्प लाइन, अवमानना प्रकरण, एस.एन.ए. स्पर्श की अद्यतन स्थित, 15वॉं एवं 16वॉं वित्त आयोग के संबंध में कार्यवाही एवं पी.एम.ई. बस, अर्बन मोबिलिटी आदि के कार्यो की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने पाया कि कई नगर पालिकाओं में ठेकेदारों की लापरवाही से कार्यो की प्रगति दिखाई नहीं दे रही है। वहीं सही असिस्मेंट न करने की बजह से विद्युत बिल भी अधिक आ रहे हैं, इसके अलावा आवासीय परियोजनाओं में भी अपेक्षित प्रगति दिखाई नहीं दे रही है, जिसपर आयुक्त संकेत भोंडवे ने दो टूक शब्दों में जबलपुर संभाग से आए सभी नगर निगमों और नगर पालिका के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए आगाह किया कि सभी अधिकारी अपने–अपने क्षेत्र में उपस्थित रहकर जमीनी स्तर पर कार्य करें अन्यथा अगली समीक्षा बैठक में अपेक्षित प्रगति न होने पर संबंधितों को सस्पेंड कर दिया जायेगा।


# उमरिया हाईटेक गौशाला को पर्यटन क्षेत्र के रूप में कराया जायेगा विकसित : आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** नगर निगम के द्वारा शहर में तेज गति से अद्योसंरचना एवं विकास के कार्य कराये जा रहे हैं। विकास कार्यो के अंतर्गत ही शहर के नागरिकों को एक सर्वसुविधायुक्त अत्याधूनिक तरीके से विकसित गौशाला की भी सौगात उमरिया हाईटेक गौशाला के रूप में देने का कार्य बहुत तेजी से कराये जा रहे हैं। इसके साथ-साथ शहर में स्वच्छ पर्यावरण के अलावा जलसंरक्षण आदि के भी कार्य कराये जा रहे हैं, जिसका निरीक्षण आज नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे, अपर आयुक्त डॉ. परीक्षित झाड़े ने निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के साथ निरीक्षण किया और निरीक्षण के मौके पर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निमार्णाधीन आवासीय परियोजनाओं को तेजी के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जहॉ-जहॉ भी आवासीय परियोजनाऍं निमार्णाधीन हैं वहॉ पर सर्वप्रथम आवश्यक बुनियादी सुविधाओं को विकसित करें और आवासों का विक्रय कर उन्हीं राशि से अन्य आवासीय परियोजनाओं को पूर्ण कराने का कार्य तेजी से कराऍं। आयुक्त श्री भोंडवे ने उमरिया स्थित हाईटेक गौशाला निर्माण के संबंध में निर्देशित किया कि इस परिसर को पर्यटन के रूप में विकसित करें ताकि लोग यहॉ आऍं और प्राकृतिक रूप से विकसित सुविधाओं का लाभ उठाकर आनंदित हो सकें और निगम की आर्थिक स्थिति में सुधार हो सके, इस दिशा में प्रयास करके कार्य योजना को पूर्ण कराया जाये। नगरीय प्रशासन एवं विकस विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे ने डुमना नेचर पार्क का भी निरीक्षण किया और वहॉ के प्राकृतिक सौन्दर्यो और व्यवस्थित रखारखाव की व्यवस्था को देखकर निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव की सराहना करते हुए कहा कि पार्क के अंदर पर्यटकों के लिए और विभिन्न प्रकार के मनोरंजन की सुविधाऍं विकसित कराई जाए और पार्क में अधिक से अधिक पर्यटक घूमने आए इसके लिए इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये। निरीक्षण के मौके पर निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे और अपर आयुक्त डॉ. परीक्षित झाड़े को बताया कि नगर निगम द्वारा वायु गुणवत्ता में सुधार लाने तथा जलसंरक्षण के क्षेत्र में बहुत सारे उपाय किये गए हैं, जिसके परिणाम स्वरूप जबलपुर को देश का दूसरा और प्रदेश का पहला स्वच्छ वायु सिटी के रूप में रैंकिंग कर पुरूस्कार दिये गए हैं। इस अवसर पर अधिकारी द्वय ने श्रीमती प्रीति यादव की प्रशंसा करते हुए इस उपलब्धि को हासिल करने की शुभकामनाऍं दी और आगे भी इसी तरह कार्य करने के निर्देश दिये।

# झूठा शपथ-पत्र देकर समिति से लिया था प्लॉट

## न्यायालय ने दम्पति के खिलाफ दिये प्रकरण दर्ज करने के आदेश



**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थान कार्यालय में पदस्थ कर्मचारी तथा उसकी पत्नी ने समिति का सदस्य बनकर झूठा शपथ-पत्र पेश कर प्लाट प्राप्त किया था। जेएमएफसी रविन्द्र कुमार धुर्वे ने दायर परिवार की सुनवाई करते हुए आरोपी दम्पति के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज करने आदेश जारी किये है। शिवाजी गृह निर्माण समिति के अध्यक्ष हरिहर राव मकोड़े की तरफ से दायर किये गये परिवाद में कहा गया था कि संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं जबलपुर कार्यालय में पदस्थ दिनेश चौधरी तथा उसकी पत्नी गीता चौधरी ने विभाग का प्रभाव दिखाते हुए समिति के सदस्य बने थे। उनकी तरफ से समिति को शपथ-पत्र दिया गया था कि उनके पास जबलपुर को कोई भूखंड नहीं है। शपथ-पत्र के आधार पर समिति ने उन्हें प्लॉट आवंटित किये थे। जबलपुर विकास प्राधिकरण ने पूर्व में श्रीमती गीता चौधरी को भूखंड आवंटित किया था। जिसके पंजीयन में दिनेश चौधरी के हस्ताक्षर थे। जबलपुर में भूखंड होने के बावजूद भी उन्होंने समिति के समक्ष झूठ शपथ-पत्र पेश किया था। जिसके आधार पर समिति ने उन्हें प्लॉट आवंटित किया था। न्यायालय ने परिवाद की सुनवाई करते हुए दम्पति के खिलाफ धारा 420 के तहत प्रकरण दर्ज करने के आदेश जारी किये है। आवेदन की तरफ से अधिवक्ता जी.एस.ठाकुर ने पैरवी की।

## नाम परिवर्तन सूचना

सूचित किया जाता है कि मै जितेन्द्र कुमार सेन पिता श्री बिरबल सेन (BIRBAL SEN) आयु 53 वर्ष निवास चना पोस्ट सोनपुर खमरिया जबलपुर म.प्र शपथपूर्वक कथन करता हूँ यहा कि में उपरोक्त पते का निवासी हूँ।

यह कि ई.सी.एच.एस. कार्ड में मेरे पिता का नाम (BIRBIL SEN), और जन्म दिनांक 01/07/1941 दर्ज है जो कि गलत है।यह कि मेरे पिता के आधार कार्ड एवं समस्त दस्तावेजो में मेरे पिता का नाम बिरबल सेन (BIRBAL SEN) जन्म दिनांक 08/10/1948 है जो सही है। यह कि मेरे पिता का सही नाम बिरबल सेन (BIRBAL SEN) जन्म दिनांक 08/10/1948 सही है ई.सी.एच.एस. कार्ड के दस्तावेजो पर सुधार कर दर्ज करने वास्ते शपथपत्र प्रस्तुत है।

यह कि इस जानकारी बावत शपथपत्र प्रस्तुत है।

दिनांक 19/05/2025

# इस अंजुमन में हमको आना है बार–बार... दीवारों के डर को गौर से पहचान लीजिए



मुहम्मद अनवार बाबू
jabalpur@hotmail.com

**दैनिक रेवांचल टाइम्स, जबलपुर।** तो साथियों,
कहानी वहीं से शुरू करते हैं जहाँ पिछली रिपोर्ट खत्म हुई थी ...
जहाँ सवालों की गूंज अभी अंजुमन की दीवारों से टकरा रही थी,
और उम्मीद की लौ अभी बुझी नहीं थी।
लेकिन अब अंधेरा थोड़ा और गहरा हो गया है।
डर किस बात का है?
डोंट अलाउ मीडिया ...
यह आदेश अंजुमन कैंपस से जारी हुआ है।
अब सोचिए ...
अगर सब कुछ ठीक है, पारदर्शी है,
तो फिर डर किस बात का?
क्या यह स्कूल है या कोई छावनी क्षेत्र?
क्यों मीडिया, यूट्यूबर या सोशल मीडिया एक्टिविस्ट को स्कूल में घुसने से रोका जा रहा है?
क्या इसलिए कि कैमरे में वो तस्वीरें कैद न हो जाएँ
जहाँ बच्चे बिना पढ़ाई के बैठे हों?
जहाँ क्लासरूम खाली हों, और मोबाइल की स्क्रीन पर टीचर्स के व्हाट्सएप स्टेटस चल रहे हों?
क्लासरूम में आराम, बाहर गुटबाजी
अब खबर यह है कि स्कूल का टाइम 12:30 से 4 बजे तक कर दिया गया है।
मतलब साढ़े तीन घंटे का स्कूल ...
जिसमें प्रार्थना, अंतराल और मोबाइल टाइम सब शामिल है।
यानी नेट प्रोडक्टिव स्टडी टाइम ... मुश्किल से दो घंटे।
यह वही स्कूल है जहाँ कभी सुबह से पढ़ाई शुरू होती थी।
जहाँ अनुशासन होता था।
जहाँ मोबाइल जमा होते थे।
लेकिन अब?
अब अनुशासन के नाम पर केवल नोटिफिकेशन हैं ...
जो कभी पढ़े नहीं जाते।
नेतृत्वविहीन व्यवस्था, निष्क्रिय प्रबंधन
सवाल उठता है ...
अब नया प्राचार्य कब आएगा?
जवाब है ... शायद कोई नहीं आएगा।
क्योंकि जिसे लाया जा रहा था ... शबीना अंसारी,
उन्होंने साफ मना कर दिया।
उनका कहना था,
"हमें स्थायी नियुक्ति चाहिए,
ये एक साल की बेइज्जती करवाने हम नहीं आएंगे।"
सोचिए...
जब एक योग्य शिक्षिका यह कह रही है,
तो उस जगह का माहौल कैसा होगा?
गुटबाजी का नक्शा, नाम लेकर आरोप
अब हम किसी पर आरोप नहीं लगा रहे।
लेकिन सूत्रों के हवाले से जो जानकारी सामने आई है,
वह बहुत कुछ कहती है।
गुटबाजी करने वालों के नाम लिए जा रहे हैं ...
प्रतिभा पांडे, कविता सतपाल, उमा क्षत्रिय, श्वेता नामदेव, रीता कुशवाहा,
और इनके साथ कुछ और भी।
ये सभी वही लोग हैं जो हर उस प्राचार्य से टकरा गए
जिसने इनसे सवाल पूछने की हिम्मत की।
बच्चों का भविष्य ... सबसे बड़ी चिंता
अब बात बच्चों की।
क्योंकि राजनीति तो बड़ों का खेल है,
लेकिन उसका असर सबसे पहले उन पर होता है
जिन्होंने किताबें थामनी थीं,
और अब मायूसी पकड़ रखी है।
एक बात और छोटे बच्चों को मारना वो भी छड़ी से बहुत गलत बात है...साथ ही अपराध भी... इतने मासूम बच्चों से भी क्या तास्सुब रखना... बच्चे भगवान का रूप होते है।
एक अभिभावक मोहम्मद नईम शेख ने साफ कहा ...
"हमें बच्चों को पढ़ाना है,
राजनीति सिखाना नहीं।"
ये बात उन्होंने तब कही जब उन्हें हमने अंजुमन में बच्चों के एडमिशन कराने की सलाह दी। और ये भी बताया कि एडमिशन माफ है। तब भी वो तैयार नहीं हुए
ये वही वाक्य है
जो किसी भी स्कूल के लिए सबसे बड़ा तमाचा है।
अब क्या करें?
क्या चुप रह जाएं?
क्या इस कौम की मिल्कियत ...
यह अंजुमन ...यह ऐतिहासिक स्कूल...यह खूबसूरत स्कूल....
इस तरह गुटबाजी और राजनीतिक हस्तक्षेप की भेंट चढ़ जाए?
या फिर समाज जागे,
और अपनी संस्थाओं को बचाए?
यह रिपोर्ट कोई व्यक्तिगत रंजिश नहीं है।
यह एक सामूहिक पुकार है।
क्योंकि
जब स्कूल में सवाल पूछना गुनाह बन जाए,
तो समाज को चुप रहना अपराध बन जाता है।
अगले अंक में...
आगे की कड़ी में हम देखेंगे ...
क्या वक्फ बोर्ड इस पर कोई संज्ञान ले रहा है?
क्या बच्चों की शिक्षा के नाम पर राजनीति को रोका जा सकता है?
और क्या कभी कोई प्राचार्य इतना मजबूत मिलेगा
जो व्यवस्था को बदल सके ...
न कि सिर्फ समझौता करता रहे?
तब तक सवाल पूछते रहिए...
क्योंकि अंजुमन की कहानी अभी अधूरी है।


ओम होम हैल्थ केयर सर्विस
हमारे पास अशक्त बुजुर्ग मरीजों की देखभाल हेतु नर्स,वार्ड बॉय,आया बाई,फिजियोथैरेपी और दवाईयॉ घर पर उपलब्ध कराए जाते हैं।
प्रो.जितेन्द्र पटैल CERVIC - 24X7 Hourse
मो. 9340721556,9753518166
पता-केनरा बैंक महाराष्ट्र हॉई स्कूल गोल बाजार जबलपुर(म.प्र.)

Manufacturer of t-shirts & lowers Mo. 9174614421, 9406763810
CHANDRAKALA TEXTILES
सभी प्रकार की टी-शर्ट ऑर्डर पर बनाई और प्रिंट की जाती हैं और स्पोर्ट्स सबलिमेसन जर्सी बनाई जाती हैं।
Address : shop no 151, jabalpur fashion design cluster market Lema garden Gohalpur jabalpur 482001


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, मुकेश कुमार श्रीवास द्वारा माँ रेवा पब्लिकेशन एन्ड प्रिंटर्स लक्ष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे विवेकानंद वार्ड एम आर 4 रोड़ जबलपुर म.प्र. 482001 से मुद्रित तथा लक्ष्मीपुर मुस्कान प्लाजा के पीछे एम आर 4 रोड 21 स्वामी विवेकानंद वार्ड जबलपुर म.प्र. 482001 से प्रकाशित । संपादकः अतुल कुमार बंदेवार RNI. Reg. No MPHIN39695 (समस्त विवादों का न्यायालयीन क्षेत्र जबलपुर) Email:- revanchaljabalpur@gmail.com मोब. 7509202320, 9406771592